हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-221, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, शुक्रवार 24 जनवरी 2025



विद्युत विभाग की टीम के साथ मारपीट के आरोपी बाप बेटे...02

समाज के भवन निर्माण के लिए 1200 स्क्वायर फीट जमीन...06



ओला-उबर के आईफोन और एंड्रॉयड से बुकिंग पर अलग-अलग किराया




मारुति की कारें 32,500 रुपए तक महंगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा,

# नेताजी का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल



**लखनऊ, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नेताजी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है।

मुख्यमंत्री ने नेताजी के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम नेताजी की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। नेताजी का नाम हर भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2̀21 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के योगदान को सम्मानित करते हुए 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय नेताजी के प्रति देश की कृतज्ञता का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के सबसे प्रतिष्ठित समय में सिविल सेवा की नौकरी को त्याग दिया, क्योंकि वह विदेशी हुकूमत के अधीन कार्य करना नहीं चाहते थे। यह कदम न केवल उनके देशप्रेम का परिचायक था, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। सीएम योगी ने युवाओं को राष्ट्रधर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को जाति, मजहब, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने करियर से आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नेताजी का हर कदम युवाओं के लिए एक संदेश था। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि युवा पखवाड़ा मनाने में स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती तक यह पूरा कार्यक्रम युवाओं को नई प्रेरणा देता है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, अंगद सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल उपस्थित रहे।

## चुनावी रण में उतरे योगी, केजरीवाल को दे दी खुली चुनौती



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी मैदान में अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई। क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है। मैं कल ही प्रयागराज से लखनऊ आया हूं, इस सदी का पहला महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में भव्यता से हो रहा है। योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है। आप प्रयागराज में जाएंगे तो शानदार सड़कें मिलेंगी, कहीं गंदगी नजर नहीं आएगी।

## पत्नी की बॉडी के टुकड़े किए, प्रेशर कुकर में उबाला, फिर झील में फेंक दिया

रिटायर्ड आर्मी जवान गिरफ्तार



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में सेना से रिटायर्ड एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने लाश के छोटे-छोटे टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबालकर झील में फेंक दिया। कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि हड्डियों से मांस अलग करने के लिए आरोपी ने उन्हें मूसल से कुचला था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रंगारेड्ध्डी जिले के मीरपेट के कैच् नागराजू ने बताया कि 18 जनवरी को सुबम्मा नामक एक महिला ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बेटी माधवी (35) की 13 साल पहले गुरुमूर्ति के साथ शादी हुई थी। गुरुमूर्ति सेना का रिटायर्ड कर्मचारी है। फिलहाल वह कंचनबाग में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। रंगारेड्ध्डी जिले के डीसीपी एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को शव के टुकड़े नहीं मिले हैं। रंगारेड्डी जिले के डीसीपी एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी के खिलाफ थ्स् दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पिछले 5 साल से पति-पत्नी अपने दो बच्चों के साथ वेंकटेश्वर कॉलोनी में रह रहे थे।

## पराक्रम दिवस पर धनखड़ ने नेता जी को किया नमन



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भावपूर्ण नमन करते हुए कहा है कि उनकी निर्भीक देशभक्ति ने करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से गुरुवार को यहां जारी एक संदेश में श्री धनखड़ ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण और आजाद हिंद फौज का गठन नेताजी के साहस और असाधारण विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नेताजी के भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में महान योगदान और साहस तथा देशभक्ति ने असंख्य भारतीयों को प्रेरित किया है। नेताजी ने निस्वार्थ भाव से मातृभूमि की सेवा की। श्री धनखड़ ने कहा, पराक्रम दिवस पर नेताजी की निर्भीक देशभक्ति का स्मरण। एकजुट, आत्मनिर्भर और सुदृढ़ भारत बनाने के लिए नेताजी की देश भक्ति की अटूट भावना और समर्पण हम प्रेरणा लें।

## कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा : मोदी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद। प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।

श्री मोदी कहा, आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है।

## सैफ अली खान के हमलावर शरीफुल के बांग्लादेशी होने के मिले सबूत

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस को अभिनेता सैफ अली खान के हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के बांग्लादेशी होने के सबूत मिले हैं। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को जो बांग्लादेशी आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला है, उसमें दिए गए विवरण के मुताबिक उसका नाम शरीफुल इस्लाम है। वहीं उसके पिता का नाम मोहम्मद रुहुल अमीन है। दस्तावेजों के मुताबिक उसकी उम्र 31 साल है। मुंबई पुलिस ने पहले ही बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी के बांग्लादेशी होने का शक जताया था। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया गया था। पुलिस के मुताबिक वह एक्टर के घर चोरी करने पहुंचा था। मुंबई पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया था कि वो बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया।

## महाकुंभ के भव्य आयोजन पर दुनिया हैरान 27 जनवरी को करूंगा स्नान : अमित शाह



**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद में हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वो 27 जनवरी को पवित्र गंगा में डुबकी लगाने प्रयागराज जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आज हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेले का उद्घाटन हुआ है। वहीं प्रयागराज में 144 साल बाद महाकुंभ लगा है। दुनिया इस पर हैरान है। अनेक देशों के लोगों ने मुझसे कहा कि हमें आमंत्रण पत्र चाहिए। मैंने उन्हें समझाया कि कुंभ एक मेला है, जिसमें किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। वे हैरान हैं कि 4 करोड़ लोग बिना निमंत्रण के एक जगह आते हैं। वे मुझसे पूछते हैं कि इसे कौन प्रबंधित करता है। मैंने उनसे कहा कि सरकार द्वारा किया गया प्रबंधन राम सेतु बनाने में गिलहरी के योगदान जितना महत्वपूर्ण है। मुगल और कांग्रेस के राज के दौर में भी महाकुंभ का आयोजन होता था और आज भी महाकुंभ का आयोजन बेहद सुंदर तरीके से हुआ है। गुजरात की जनता से अपील है कि वे इस पुण्य का भागी बनें। हर किसी को मौका नहीं मिलता। इस बार महाकुंभ 144 साल में लगा है, वहां हर किसी को जाना चाहिए। मैं अपने जीवन में 9 कुंभ में जा चुका हूं। अर्धकुंभ देखे हैं लेकिन महाकुंभ में 27 जनवरी को जाने वाला हूं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते दस सालों में हमारी सरकार ने तमाम बड़े काम किए हैं। पहले हिंदू बोलना मुश्किल था लेकिन आज हर कोई गर्व से बोलता है। 55 साल से रामलला टेंट से बाहर आए और अयोध्या में उनका भव्य मंदिर बना। धारा 37 को समाप्त करने का काम हमारी सरकार ने किया है।

## बेतिया में शिक्षा अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी, मिली नोटों की गड्डियां

गिनने के लिए मंगाई गई मशीनें



**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में गुरुवार को विजिलेंस टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर छापेमारी की। इस दौरान तलाशी में बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। इसे गिनने के लिए टीम की तरफ से मशीनें भी मंगाई गई हैं। तीन घंटे से ज्यादा समय से उनके घर पर छापेमारी चल रही है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने चहेते ठेकेदारों को ही काम दिया। इसके अलावा, उन पर कई शिक्षकों ने भी भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। फिलहाल, अब तक उनके घर से कितनी रकम बरामद हुई है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। रजनीकांत खुद मौके पर मौजूद हैं, जहां उनसे पूछताछ जारी है। वहीं, उन पर लगे आरोपों की जांच विजिलेंस टीम की तरफ से की जा रही है। इसके अलावा, उन पर आय से अधिक संपत्ति के भी आरोप लग चुके हैं। बेतिया, समस्तीपुर और दरभंगा स्थित उनके ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग धनार्जन करने के लिए किया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। रजनीकांत पिछले तीन सालों से बेतिया में शिक्षा पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं। वो 2̀5 से इस सेवा में हैं।

## चायवाले ने फैलाई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह



**जलगांव, एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव में 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के 23 यात्रियों को दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1 घायलों का इलाज जलगांव के सिविल अस्पताल में चल रहा है। घटना के दौरान ट्रेन में मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने की अफवाह सबसे पहले एक चायवाले ने फैलाई थी। जिसे जनरल डिब्बे में सफर कर रहे उधल कुमार और विजय कुमार ने सुना। दोनों घबराकर चलती ट्रेन से कूद गए। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग की और कुछ अन्य पैसेंजर्स भी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए। अफवाह के बाद ट्रेन में अफरातफरी का माहौल था। लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से निकलने की कोशिश में थे। कुछ लोग ट्रैक पर कूदे तो कुछ लोगों ने दूसरे दरवाजे से छलांग लगाई जहां ट्रैक नहीं था। चश्मदीद के मुताबिक अगर ट्रैक की ओर ही बाकी लोग भागते तो हादसा और बड़ा हो सकता था। जलगांव कलेक्टरेट ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले 13 में से 1 लोगों की पहचान हो गई है। 3 की पहचान की जा रही है। कर्नाटक एक्सप्रेस से कटने के बाद कई लोगों की बॉडी टुकडों में बंट गई थी। रेस्क्यू टीम और आसपास के लोगों ने चादरों में इन टुकड़ों को इकट्ठा किया। हादसा 22 जनवरी को शाम 4:42 बजे पाचोरा स्टेशन के पास हुआ था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मारे गए यात्रियों के परिजन को 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मृतकों के परिजन को 1.5-1.5 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 5-5 हजार और मामूली रूप से घायल लोगों को 5 हजार का मुआवजा देने की घोषणा की है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। दो शवों की पहचान उनके आधार कार्ड से हुई।

## डीआरडीओ परेड में अग्रणी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन करेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ भारत को सशक्त बनाने और रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के अभियान के तहत कर्तव्य पथ पर 76 वें गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने कुछ अग्रणी नवाचारों का प्रदर्शन करेगा। इसमें त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, 155 मिमी/52 कैल एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, ड्रोन का पता लगाना, रोकना और नष्ट करना, सैटेलाइट-आधारित निगरानी प्रणाली, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, स्वदेशी मानव रहित हवाई प्रणाली, सुरक्षा बलों के लिए वी/यूएचएफ मैनपैक सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो, स्वदेशी सुरक्षित सैटेलाइट फोन और उग्रम असॉल्ट राइफल को दिखाया जायेगा।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 29 जनवरी को



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 29 जनवरी तक के लिए टाल दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले को सुनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर खुद संज्ञान लिया था।

सुप्रीम कोर्ट ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे सीबीआई की जांच से सहमत नहीं है। उन्होंने केस की फिर से जांच कराने की मांग की थी। 2 दिन पहले पहले सेशंस कोर्ट ने संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है, इसलिए फांसी की सजा नहीं दे सकते। सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार हाईकोर्ट पहुंची। सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा- संजय रॉय को उम्रकैद नहीं बल्कि फांसी की सजा होनी चाहिए। आरजी कर रेप-मर्डर केस निचली अदालत के साथ-साथ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट में कई जनहित याचिकाओं के साथ पीड़ित के माता-पिता ने भी याचिका दायर की थी।

## पंजाब सीएम ने 26 जनवरी का कार्यक्रम स्थल बदला

फरीदकोट में होना था, सुबह आतंकी पन्नू ने बम से उड़ाने की धमकी दी



**फरीदकोट, एजेंसी।** पंजाब सीएम भगवंत मान को आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस की ओर से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद उनके गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। अब वह फरीदकोट में तिरंगा नहीं फहराएंगे। हालांकि, नई जगह अभी तय नहीं हुई है। पंजाब सरकार की ओर से यह फैसला बुधवार देर रात लिया गया। इसकी पुष्टि फरीदकोट के डीसी विनीत कुमार ने की। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। फरीदकोट में अब कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल तिरंगा फहराएंगे। बता दें कि गुरुवार को एसएफजे चीफ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सीएम मान को धमकी दी। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि जो उल्टा चलता है, उसका हश्र पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होगा। पन्नू ने आगे कहा कि फरीदकोट रेलवे स्टेशन और नेहरू स्टेडियम में उसने खालिस्तानी नारे लिखवाए हैं। यहां भगवंत मान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने वाले हैं। सिख युवा कमर पर बम न बांधें और तिरंगा हाथ में न लें। वे सिर्फ खालिस्तान का झंडा ही पकड़ें। अमेरिका में अब डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार आ चुकी है। सरकारें बदलने के साथ बहुत कुछ बदलता है। पंजाब भारत का हिस्सा नहीं है। पंजाब के युवा और किसान जो पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर बैठे हैं, वे अमृतसर, गुरदासपुर, और जालंधर जैसे जिलों में डीसी ऑफिसों पर खालिस्तान के झंडे फहराएं ताकि पंजाब से संदेश सीधा डोनाल्ड ट्रम्पतक पहुंच सके।

## कई राज्यों में बारिश की संभावना, कोहरे से कई उड़ानों में देरी

जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से सड़कें बंद



**जम्मू/नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** दिल्ली/एनसीआर में बुधवार देर रात हल्की बारिश हुई। इससे गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली/एनसीआर और उत्तरी राजस्थान में बारिश की संभावना है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो रही है। कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी हुई। बुधवार को ऊना का टेम्परेचर 25.6 डिग्री सेलसियस रहा। गुरुवार को हिमाचल के 5 जिलों में कोहरे और कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 28 तक राज्य में ऐसा मौसम बना रहेगा। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग, जोजिला पास जैसे ऊंचे इलाकों में मंगलवार को हुई बर्फबारी के कारण गुरेज-बांदीपुरा रोड, सेमथान-किश्तवाड़, मुगल रोड बंद हो गए। यहां बर्फ हटाने का काम जारी है। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। साथ ही बारिश भी हो सकती है। मध्यप्रदेश में 25 जनवरी से फिर तेज ठंड का दौर शुरू होगा। उत्तरी हवा से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। अभी दो सिस्टम की एक्टिविटी होने से हवा का रुख अभी दक्षिण-पूर्वी है। प्रदेश एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आएगा और दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट की संभावना है।

### लाहौल में घटी पर्यटकों की संख्या, अटल टनल खुली

हिमाचल प्रदेश के सोलंगनाला में बर्फ पिघलने और अटल टनल रोहतांग के पार सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां बंद होने के चलते अब धीरे-धीरे पर्यटकों को संख्या में कमी आने लगी है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों से देखा जाए तो बीते 5 दिनों में कुल 3500 से ज्यादा वाहन ही आए हैं। पिछले सप्ताह वीकेंड के तीन दिनों का यह आंकड़ा पांच हजार वाहनों से ज्यादा था। होटल कारोबारियों के अनुसार अब ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह गई है।

# विद्युत विभाग की टीम के साथ मारपीट के आरोपी बाप बेटे को ०1-०1 वर्ष के कारावास व 3०००/- रू के अर्थदण्ड से किया दण्डित

⇨ ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में थाना शेरकोट पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा विद्युत विभाग की टीम के साथ मारपीट के ०2 आरोपियों को ०1-०1 वर्ष के कारावास व कुल 3०००/- रूपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

बिजनौर - शेरकोट - विधुत विभाग से जुडे एक मामले मे चेकिंग के दौरान विभागीय टीम के साथ मारपीट करने एव सरकारी कार्य मे बाधा डालने के आरोप मे गिरफ्तार अभियुक्तों को सजा सुनाई । न्यायालय ने अभियुक्तगण अनीस अहमद पुत्र बसीर अहमद, आलम पुत्र अनीस,खुर्शीद पुत्र अनीस अहमद निवासीगण मौ० शेखान कस्बा व थाना शेरकोट जनपद बिजनौर व एक व्यक्ति अज्ञात द्वारा विधुत चोरी की शिकायत पर चेकिंग करने गई विधुत विभाग की टीम के साथ मारपीट करने आदि आरोप लगाते हुए विधुत विभाग की टीम द्वारा तहरीर दी गई थी तहरीर के आधार पर थाना शेरकोट पर मु.अ.सं. 112/2०11 धारा 323/5०4/5०6/186/353/332/342/427 भादवि व धारा 135 विद्युत अधिनियम पंजीकृत किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा संम्पूर्ण विधिक कार्यवाही के उपरान्त आरोप पत्र मा. न्यायालय प्रेषित किया गया। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा० न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 21.०1.2०25 को मा० न्यायालय स्पेशल ईसी एक्ट जनपद बिजनौर द्वारा मु०अ०सं० 112/2०11 धारा 323/34/342/353/332/186/427/5०4 /5०6 भादवि व धारा 135 विद्युत अधि० के आरोपी 1. मौहम्मद खुर्शीद पुत्र अनीस अहमद व 2. अनीस अहमद पुत्र बशीर अहमद उपरोक्त को ०1-०1 वर्ष के कारावास व कुल 3,०००/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# यूपी सैनिक स्कूल में अचीवर डिफेंस अकादमी के बच्चों ने लहराया परचम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। कैन्ट के निलमथा टैक्सी स्टैंड के पास खुला अजीवर डिफेंस के बच्चों ने यूपी सैनिक स्कूल में भाग लिया जो कक्षा 6 एव 9 के 15 बच्चों ने यूपी सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा 2025-26 में भाग लिया जिसमें 12 बच्चों ने परीक्षा पास कर अपने परिवार का नाम रोशन करते हुए अपने डिफेंस अकादमी का नाम रोशन किया प्रधानाचार्य ने कहा कि जो बच्चे रात दिन मेहनत करके पढ़ते हैं वह बच्चे आगे चलकर अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में नाम रोशन करते हैं और अपने लक्ष्य को पूरा करते हैं और स्कूल के अध्यापकों का भी मनोबल बढ़ जाता है अच्छे अंको से पास होने वाले बच्चों का नाम जैसे करण सिंह,अरनवल यादव क्रिस, ठाकुर, छवी यादव, यश पटेल, आयुष, अरुण कुमार, क़सि, आर्यन कुमार, केतन कुमार,राग गुप्ता, शिवान्शु जिन्होंने परीक्षा में सफलता पूर्वक अच्छे अंकों के साथ डिफेंस अकादमी का नाम रोशन किया है




# त्याग से बनते हम महान



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

भागलपुर। सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, भागलपुर में दिनांक 23 1 2025 गुरुवार को महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, जयंती प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा एवं छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करके जयंती का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने कहा कि व्यक्ति जीवन में त्याग से ही महान बनते है । यश , सम्मान एवं गौरव प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। योजना का निर्माण, कठिन परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति जुनून इन तीन बातों को हम नेताजी के जीवन से सीखते हैं। आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद भी स्वाभिमानी सुभाष चंद्र बोस ने नौकरी नहीं करके देश की आजादी के लिए अंतिम समय तक लगे रहे। मौके पर जयंती प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि आजाद हिंद फौज की स्थापना करके सर्वस्व अर्पित करने वाले सुभाष चंद्र बोस का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ,।दिल्ली चलो, कदम-कदम मिलाए जा खुशी के गीत गाए जा। इन सभी प्रेरणादायक संदेश के साथ भारत की आजादी के लिए अथक प्रयत्न किया । उनका त्याग एवं बलिदान आज भी हमारे लिए अनुकरणीय है। सैनिक स्कूल के छात्र वेद प्रकाश यशस्वी राज एवं अन्य अनेक छात्रों ने उनके जीवन के संबंध में अपना भाव व्यक्त किया। मौके पर मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त : राष्ट्रीय अध्यक्ष

➲ इमरान खान बने मंडल महासचिव ➲ दर्जनों की संख्या में पत्रकारों ने ग्रहण की संगठन की सदस्यता




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

पिहानी/हरदोई। इमरान खान द्वारा आयोजित पत्रकार एकता एशोसिएशन की बैठक कपिल मिश्रा के संचालन में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य पाल सिंह व प्रदेश महासचिव ममनून खांन ने कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा की, इसी क्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखें कई पत्रकारों ने कहा कि खबर चलाने को लेकर फर्जी मुकदमे पत्रकारों पर लिखे जाते हैं और पत्रकारों का उत्पीड़न किया जाता है जिस पर संगठन के मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह ने पदाधिकारीयों को अस्वस्थ किया कि हर संगठन के पदाधिकारी निष्पक्ष रूप से अपनी खबरों का प्रकाशन करें सबूत के साथ अगर कोई भी अधिकारी कर्मचारी अनैतिक रूप से पत्रकारों के साथ अवैध व्यवहार और फर्जी मुकदमा लिखने का काम करता है तो हमारा संगठन अपने हर पत्रकार साथी के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा, किसी भी पत्रकार साथी के साथ उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश महासचिव डॉ ममनून खान ने जनपद में संगठन विस्तार पर चर्चा की। वहीं मंडल उपाध्यक्ष ने आए हुए सभी पत्रकारों व संगठन पदाधिकारीयों से अनुरोध किया कि सभी पत्रकार साथी संगठन पर पूरा ध्यान दें और संगठन को मजबूती दे। संगठन सबके साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। इसी दौरान दर्जनों की संख्या में मंडल महासचिव इमरान खान के नेतृत्व में ग्रहण की सदस्यता। वहीं इस मौके पर मानवेन्द्र, राशिद खान, कपिल मिश्रा, विजय अग्निहोत्री,अक्षय सिंह, सत्तार अली, आमिर खान, नवनीत शुक्ला,रामलड़ैते भास्कर, असफाक हुसैन अंजार जैदी राजकुमार सज्जाद अली अंसार अली , राजू सिंह, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार, रजनीश पाल, सुखदेव सिंह निगम भारती राहुल कुमार मोहन अवस्थी नसीर अली आज़म ख़ान तनवीर सिंह रियाज़ सिद्दीकी आदिल खान आनंद राठौर तंजीव खान। सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर मानव श्रंखला बनाकर दिया सड़क सुरक्षा का सन्देश

➢ सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन पूरी गंभीरता से करना चाहिए:जिलाधिकारी
➢ अपने आस-पास के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति करे जागरूक:पुलिस अधीक्षक



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

हरदोई। राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण मे नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती के अवसर पर सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, व अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्वा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर तथा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म सभी को दिखायी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजकीय इण्टर कालेज मे बड़ी संख्या मे विभिन्न स्कूलों से आये हुये बच्चों, अध्यापकगणों अधिकारीगणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर बच्चों द्वारा मानव श्रखंला का आयोजन किया गया, जिसका उददेश्य यह है कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों मे जागरूकता लायी जा सके, जिससे की सड़क दुर्घटनाओं मे कमी आये। सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन पूरी गंभीरता से करना चाहिए। उन्होंने नेता जी सुभाष चन्द्र जी के जीवन के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और यातायात के नियमों के पालन हेतु अपने आस-पडोस तथा घर मे लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन मे कहा कि यातायात नियमों का पालन करते समय नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान मे रखना होगा। साथ ही सेप्टी पांइट का भी खयाल रखना होगा, जिससे कि हम सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी वि.र. प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल त्रिपाठी, उप निदेशक कृषि डॉ० नन्द किशोर एआटीओं प्रशासन संजीव सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अधिकारी कर्मचारी व स्कूली बच्चें, अध्यापकगण व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहें।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

भागलपुर। विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे के नेतृत्व में और विजय मित्र मंडल के अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी के संयोजन में नेताजी सुभाष चंद्र



बोस की जयंती के शुभ अवसर पर भागलपुर के लाजपत पार्क मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व, उनके आदर्शों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही नेताजी के भागलपुर से जुड़े ऐतिहासिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित सभी लोगों ने नेताजी के विचारों और उनकी देशभक्ति से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अर्जित शाश्वत चौबे के साथ देव कुमार पांडे, अभय घोष सोनू, सुधीर चौधरी, निरंजन सिंह, खोखा चौबे, अभिषेक मिश्रा, चंदन ठाकुर, नंदिकेस शांडिल्य, गौतम चौबे समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नेताजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और उनकी देशभक्ति से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूकता बढ़ाना था।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत हुआ हस्ताक्षर अभियान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**



हरदोई। विगत दिवस जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम के निर्देशानुसार सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय नयागांव मुबारकपुर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इसी क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत शपथ ग्रहण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में कराया गया।

## जिलाधिकारी ने की यूपी दिवस की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**



हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में यूपी दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी दिवस के अवसर पर प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। जनपद के विकास से सम्बंधित योजनाओं की वीडियो दिखाई जाये। कल्याणकारी योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाये। नये उद्यमियों को सम्मानित किया जाये। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएं। प्रतीकात्मक रूप से कुछ लोगों को घरौनी वितरण कराया जाये। टूल किट व आयुष्मान कार्ड का वितरण कराया जाये। 2 ऑंगनबाड़ी केंद्रों को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस दी जाये। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित नंदिनी योजना व कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरित किया जाये। व्यक्तिगत शौचालय के कुछ महिला लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाये। महिला स्वयं सहायता समूहों की कुछ महिलाओं को बुलाया जाये। आमंत्रित दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये जाएं। कन्या सुमंगला व बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र दिया जाये। फसल बीमा योजना योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रत्र वितरित किया जाये। कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई तत्काल करायी जाये। लाभार्थियों को ससमय सूचित कर दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**




हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जाये। वाहनों की व्यवस्था कर ली जाये। नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया जाये। सभी अधिकारी व कर्मचारी फॉर्मल पोशाक पहन कर आएं। श्रेष्ठ झांकियों को पूर्व की भांति पुरस्कृत किया जाये। कुछ स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित करने की व्यवस्था की जाये। महापुरुषों की सभी प्रमुख मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय उपोषण बागवानी संस्थान पहुचे वन मंत्री अरुण सक्सेना

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। रहमान खेड़ा जंगल के आसपास रह रहे ग्रामीणों को बाघ की दहशत से मिले आजादी ग्रामीण बेखौफ होकर अपने कामों पर जा सके तो वही स्कूल जाने वाले बच्चे भी बिना किसी डर के स्कूलों में पहुंच कर पढ़ाई कर सकें। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने वन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नई रणनीति बनाकर जल्द से जल्द बाघ को पकड़े जिससे ग्रामीणों को बाघ की दहशत से आजादी मिल सके।

## परिवहन आयुक्त ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज एवं लखनऊ पब्लिक कॉलेज, विनम्र खंड, गोमती नगर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में कालेज के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक व कर्मचारियों को परिवहन आयुक्त बी एन सिंह ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। आयुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज, डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर परिवहन सुरेन्द्र कुमार, एलपीसीपीएस डीन डॉ. एलएस अवस्थी, प्रधानाचार्या अनीता चौधरी, मुख्य निरीक्षक संजय प्रताप सिंह, प्रोफेसर अभय शंकर पांडे एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# किसान नेता रफीक लम्बू ने जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता संडीला**

संडीला/हरदोई। भारतीय किसान यूनियन सावित्री के जिला अध्यक्ष रफीक लम्बू व प्रदेश संगठन मंत्री आज़म अली ने ठण्ड से बचने के लिए ब्लॉक बेहन्दर के सरसण्ड गांव के गरीब, बेसहारा और महिलाओं को राहत पहुंचाने के लिए पूर्व प्रधान कमर अली के पुत्र आज़म अली भाकियू सावित्री के प्रदेश संगठन मंत्री के आवास पर कंबल व शाल वितरण किया। और फल व मिठाइयाँ भी वितरण किया। जहां पर बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रफीक लम्बू, प्रदेश संगठन मंत्री आज़म अली, दिलीप कुमार प्रबंधक शुभान खेड़ा ने स्वयं हाथों से कंबल वितरित किए। रफीक लम्बू ने कहा हमारा कर्तव्य है कि समाज के उन वर्गों की मदद करें जो मुश्किल परिस्थितियों में खुद को असहाय महसूस करते हैं। भीषण सर्दी के इस मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।इस दौरान दिलीप कुमार प्रबंधक ने सभी से अपील करते हुए। कहा कि वे समाज में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। आज़म अली ने ग्राम वाशियों को यह आश्वासन भी दिया। कि आपका बेटा आपका भाई जनहित के कार्यो में सदैव तत्पर रहेगा। कंबल पाकर गरीबों और महिलाओं के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने जिला अध्यक्ष रफीक लम्बू व प्रदेश संगठन मंत्री आज़म अली को दुआओं से नवाजा और उनके इस मानवीय प्रयास की सराहना की। उपस्थित लोगों ने भी रफीक लम्बू व आज़म अली के इस कदम को सराहा और इसे एक नेक पहल बताया।रफीक लम्बू जिला अध्यक्ष ने अंत में सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। इसी मोके पर मौजूद रहे तरन्नुम बेगम अध्यापक, हाशिम अली, बृजलाल कुमार अध्यापक, संजीव कुमार अध्ययपाक,राजा जिला सचिव, लतीफ़, आदि लोग मौजूद रहे।

# सत्य एवं न्याय पथिक का सच्चा साथी ईश्वर ही होता है जिला मंत्री राजेश तिवारी

➲ ईश्वर की ही कृपा होने पर व्यक्ति सत्य एवं न्याय पथ पर चलता है।सत्य एवं न्याय रुपी पौधा सदा दया,प्रेम,परोपकार एवं सहानुभूति ही फलता है



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

प्रयागराज। सत्य एवं न्याय पथिक का सच्चा साथी ईश्वर ही होता है यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा उरुवा पं. सुधाकर शुक्ला एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा उरुवा आशीष कुमार सिंह से माण्डा रोड प्रयागराज के दिघिया बाजार में कही।स्पष्ट कराते चले कि जिला मंत्री एवं भूतपूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं वर्तमान मण्डल अध्यक्ष उरुवा शुक्ला एवं सिंह से बहुत ही घनिष्ठतम पारिवारिक रिश्ते हैं।तीनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख एवं दु:ख हमेशा ही शिरकत करते रहते हैं।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य एवं न्याय पथिक का सच्चा साथी ईश्वर ही होता है क्योंकि सत्य ही ईश्वर है एवं न्याय ही उनका निवास स्थल है। इसलिए बिना ईश्वर की प्रेरणा से कोई भी व्यक्ति सत्य एवं न्याय के पथ पर चल ही नही सकता और जब व्यक्ति सत्य एवं न्याय का अडिग पथिक हो गया है तो यह निश्चित है कि उसका सच्चा साथी ईश्वर ही है।जिला मंत्री ने आगे यह भी कहा कि मनुष्य का जन्म वास्तव में सत्य एवं न्याय के पथ पर ही चलने के लिए हुआ है क्योंकि संसार के अन्य प्राणी सत्य और न्याय के बारे में कुछ भी नहीं जानते। धरती पर केवल मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो सत्य एवं न्याय को जान व समझ सकता है।इससे साफ स्पष्ट है कि मनुष्य का जन्म धरती पर केवल व केवल सत्य एवं न्याय को अपने आत्मा में पिरोकर कर अपने मानव जीवन को फलीभूत करते हुए मोक्ष को पाना है। जिला मंत्री ने आगे अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि ईश्वर की ही कृपा होने पर व्यक्ति सत्य एवं न्याय पथ पर चलता है,सत्य एवं न्याय रुपी पौधा सदा दया प्रेम परोपकार एवं सहानुभूति ही फलता है।इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता अनिल तिवारी ने कहा कि जिला मंत्री ने धरती पर मनुष्य रुप में जन्म लेने के बाद उसके मूलभूत कर्तव्यों की विवेचना बहुत ही सुन्दर एवं सार्वभौमिक सत्यता का वर्णन किया है।वास्तव में मनुष्य सत्य एवं न्याय पथिक बनकर एवं इन गुणों को अपने आत्मा में पिरोकर अपने मानव जीवन को फलीभूत करते हुए मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।इस साहित्यिक एवं आध्यात्मिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री के साथ भूतपूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा उरुवा पं. सुधाकर शुक्ला,वर्तमान मण्डल अध्यक्ष भाजपा उरुवा आशीष कुमार सिंह,भूतपूर्व युवामोर्चा जिला महामंत्री यमुनापार प्रयागराज अजीत मिश्रा,मंडल उपाध्यक्ष भाजपा उरुवा नरेन्द्र तिवारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल तिवारी सहित आस पास बहुत से लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर से तीन दिन पहले घर से पढ़ाई के लिए स्कूल को निकली 11वीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उसके परिजनों ने एक युवक के खिलाफ बहला फुसला कर अगवा कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि किशोरी अपने साथ डेढ़ किलो चांदी और सोने के गहने भी ले गई है। सरोजनीनगर में रहने वाले पीड़ित के मुताबिक जौनपुर जिले में रहने वाली उसकी 17 वर्षीया भांजी उसके घर में रहकर क्षेत्र के ही एक निजी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी। उनका कहना है कि वह बीती 20 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे स्कूल ड्रेस में स्कूल के निकली। लेकिन छुट्टी होने के बाद वापस नहीं लौटी। देर शाम तक घर न पहुंचने पर स्कूल में संपर्क किया गया तो पता चला कि वह स्कूल गई ही नहीं। इसके बाद सगे संबंधियों से पता किया गया, लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिली। पीड़ित का कहना है कि 1 जनवरी से 9 जनवरी के बीच वह अपने गांव जौनपुर में रही थी। तब दूसरे गांव में रहने वाले करन सिंह नामक युवक से बात करती थी। घर पर पता चलने पर डांट फटकार कर उसका मोबाइल रख लिया गया। संदेह जताया है कि करन ही उसे कहीं बहला फुसला कर अगवा कर ले गया है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्वाई में जुट गई है।

हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025



# आखिरकार वनमंत्री भी पहुंच गये रहमान खेड़ा

● बाघ रेस्क्यू आपरेशन का लिया जायजा ● ग्रामीणों से किया आग्रह बाघ मित्र बनकर करें सहयोग



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आखिरकार 53 दिनों के बाद वनमंत्री डॉ. अरुण सक्सेना बाघ रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने रहमान खेड़ा पहुंच गये। निरीक्षण के दौरान बाघ के नए पगचिन्हों को देख वनमंत्री ने रेस्क्यू टीम को बाघ का सुरक्षित पकड़ने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही वनमंत्री ने बाघ प्रभावित गांवों की जानकारी भी ली है। बता दे कि रहमान खेड़ा में बाघ को पकड़ने के लिए लगी टीम की हर रणनीति फेल हो रही हैं। बाघ लगातार जानवरों का शिकार कर घूम रहा है। बाघ अब तक 15 जानवरों को अपना शिकार बना चुका है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बाघ को रेस्क्यू करने के लिए मचान, ट्रैपिंग केज, कैमरा ट्रैप, लाइव सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया। इसके बाद वनमंत्री ने सीआईएसएच परिसर में बने कमांड सेंटर और कंट्रोल रूम भी देखा। डीएफओ सितान्शु ने बताया कि वनमंत्री ने पोर्टेबल मचान एवं ओपन बेट की प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने बताया कि वनमंत्री ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी बाघमित्र बनकर वन विभाग की टीम का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान अनुराधा वेमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, डॉ. रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आकाशदीप बधावन, डीएफओ बाराबंकी तथा सितान्शु पाण्डेय, डीएफओ, लखनऊ सहित बाघ रेस्क्यू आपरेशन के नोडल अधिकारी, चन्दन चौधरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, हरी लाल मौजूद रहे।

**बेहता नाले किनारे मिले नये बाघ के पगचिन्ह**

रहमानखेड़ा के सीआईएसएच परिसर जोन-एक में पड़वा का 15वां शिकार करने के बाद बाघ वहां से भाग निकला। बुधवार को सीआईएसएच परिसर से 10 किलोमीटर की दूरी पर बेहता नाले के किनारे बाघ के नये पगचिन्ह मिले हैं। बता दें कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वनविभाग की टीम ने पगचिन्हों की जांच कर उसकी मौजूदगी साझा की है। इसके बाद वनविभाग ने ड्रोन की मदद से बाघ को ढूंढने का प्रयास किया। बावजूद इसके बाघ का कहीं नामोनिशान नहीं मिला। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि मीठेनगर गांव में बाघ को पकड़ने के लिए एक पिंजरे में बकरी को बांधा गया है।

## पीएनसी कंपनी का लोहा चोरी करते हुए चोर रंगे हाथों पकड़ा गया, एक फरार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में गुरुवार को लखनऊ- कानपुर एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य में लगी पीएनसी कंपनी का लोहा चोरी करते एक चोर रंगे हाथों पकड़ा गया। जबकि उसका साथी लोडर वाहन सहित भाग निकला। पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। अमेठी जिले के शहीद भाले सुल्तान थानान्तर्गत अढ़नपुर मुसाफिरखाना निवासी रामजी मिश्रा के मुताबिक वह लखनऊ - कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य में लगी पीएनसी कंपनी में सन सिक्योरिटी सर्विस में फील्ड अफसर है। रामजी मिश्रा का कहना है कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने सहयोगी किशन मिश्रा, शिवनारायण तिवारी और सुमित के साथ गश्त कर रहे थे। तभी सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित अवध कॉलेजिएट के निकट दो युवक पीएनसी कंपनी का आईएसएमबी चैनल चोरी कर रहे थे। जब उनको पकड़ने दौड़े तो एक व्यक्ति अपना लोडर वाहन लेकर भाग निकला। जबकि दूसरे को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम फैजाबाद जिले के सनेथू निवासी सुरेंद्र मौर्य पुत्र आशाराम मौर्य बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लोडर ( यूपी 78 केएन 5428) से चोरी कर माल ले जा रहे थे। उसने कबूला कि इससे पहले भी वह और उसके साथी यहां से करीब 15 कुंतल लोहा चोरी कर चुके हैं। फिलहाल रामजी मिश्रा ने उसे पकड़ कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने राम जी मिश्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए सुरेंद्र मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ड्रीमवर्ल्ड ताइक्वांडो अकादमी सातवें ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रहा अव्वल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता अवनीश कुमार सागर**



लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित सातवें ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत के सभी प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया द्य जिसमें से लखनऊ की ड्रीमवर्ल्ड ताइक्वांडो अकैडमी ने सर्वाधिक पदक जीतकर नंबर एक पर स्थान प्राप्त किया द्य ड्रीमवर्ल्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने कोच मोहम्मद अकरम एवं रत्नेश शर्मा के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर 21 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए द्य प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर रियान शर्मा, ओजस्वी देव अग्रवाल, मोहम्मद हमजा,श्रेयांक शुक्ला, अथर्व सिंह,अश्विनी कुमार दुबे, मोहम्मद जुहैब खान, आकाश, कुसुम, वशिष्ठ वर्मा, प्रबल रस्तोगी, यासीन इश्तियाक, वैष्णवी नाग, तनवी राजपूत, सोनम भारती, इशिका गुप्ता, प्रिया गोस्वामी, मानसी गोस्वामी, भाविका ने गोल्ड, मेघल सागर,अंजनी कुमार दुबे, प्रधान कश्यप, ओजस रस्तोगी,आयशा इस्तियाक,श्रेया ने सिल्वर एवं तौफीक हसन, आरुष शर्मा,खतीजा,सानिया श्रीवास्तव,अपराजिता निगम,कृष्णांग असवाल,दीपिका कन्नौजिया शिवांश गुप्ता, प्रणव सिंह सिसोदिया,देविका कपूर एवं आराध्य प्रकाश ने कांस्य पदक प्राप्त कियाद्य विजेताओं को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष इसारी.के. गणेश, महासचिव आर.डी. मंगेशकर,उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष(विधायक) शैलेश कुमार सिंह शैलू एवं सचिव राजकुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया द्य

# महिलाएं शिक्षित-स्वावलंबी बन देश के विकास में योगदान दें: जितेन्द्र सिंह



➤ जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के लोक चौपाल में गरीबों व असहायों को मिला कंबल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन द्वारा जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित लोक चौपाल में सामाजिक समरसता और जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता दी गई। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने महिलाओं के शिक्षित और स्वावलंबी बनने पर जोर दिया, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अध्यक्ष ज्योति सिंह ने बच्चों और युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए ग्रामीणों से एकजुट होकर समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान, गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिले। इस अवसर पर कई गांवों के लोग, साथ ही कीर्तिमान सिंह, राहुल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मनोज गौड़, और डॉ. चिंता जैसे गणमान्य व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे। यह पहल ग्रामीण समुदायों में सामाजिक सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

# घने कोहरे के कारण विमान सेवाओं का संचालन बिगड़ा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक पड़े घने कोहरे के कारण विमान सेवाओं का संचालन गड़बड़ा गया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि लो विजिबिलिटी हो जाने से बुधवार सुबह 6 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान रद्द कर दी गई। इसके अलावा लखनऊ आने-जाने वाली कई अन्य उड़ाने 1 घंटे से 5ः30 घंटे तक विलंब हो गई। इससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोलकाता से सुबह 7ः15 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर करीब 12 बजे पहुंची। इसी तरह मस्कट से सुबह 8 बजे आने वाली ओमान एयर की उड़ान करीब डेढ़ घंटा देरी से लखनऊ पहुंची। रियाद से सुबह 9 बजे आने वाली फ्लायनास की उड़ान दोपहर 12 बजे लखनऊ पहुंची। दुबई से सुबह 10ः50 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइ दुबई की उड़ान 1 घंटा देरी से लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हो सकी। मुंबई से दोपहर 1ः10 बजे लखनऊ आने वाली इण्डिगो की उड़ान करीब सवा घंटा देरी से पहुंची। गुवाहाटी से दोपहर 1ः40 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान 1 घंटा देरी से पहुंच सकी। मुंबई से शाम 4ः55 बजे लखनऊ आने वाली अकासा एयर की उड़ान 7ः10 पर लखनऊ पहुंची। हैदराबाद से शाम 5ः05 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 1 घंटा देरी से पहुंची। देहरादून से शाम 5ः30 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान करीब सवा घंटा देरी से लखनऊ पहुंच सकी। इसके अलावा बुधवार रात 2 बजे लखनऊ से जेद्दा जाने वाली सउदिया की उड़ान गुरुवार सुबह 7ः30 बजे रवाना हो सकी। लखनऊ से सुबह 7ः45 बजे कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 12ः50 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 8 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 1 घंटा 20 मिनट देरी से उड़ान भर सकी। सुबह 8ः40 बजे लखनऊ से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 1 घंटा देरी से रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 9ः05 बजे मस्कट जाने वाली ओमान एयर की उड़ान 10ः48 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 10 बजे रियाद जाने वाली फ्लाइनास की उड़ान करीब 3ः15 घंटा देरी से रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 11ः50 बजे दुबई जाने वाली फ्लाइ दुबई की उड़ान करीब एक घंटा 20 मिनट देरी से रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 1ः45 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 3ः40 पर उड़ान भर सकी। लखनऊ से दोपहर 2 बजे चंडीगढ़ जाने वाला इंडिगो का विमान 3ः50 पर रवाना हुआ। दोपहर 2ः40 बजे लखनऊ से देहरादून जाने वाला इंडिगो का विमान शाम 4 बजे उड़ान भर सका। लखनऊ से दोपहर 3ः05 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 1 घंटा देरी से रवाना हुई। दोपहर 3ः35 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान और 4ः15 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 50 - 50 मिनट देरी से रवाना हुई। शाम 5ः30 बजे मुंबई जाने वाली अकासा एयर की उड़ान 7ः45 बजे रवाना हुई। शाम 5ः40 बजे हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान लखनऊ से 1 घंटे देरी से उड़ान भर सकी। लखनऊ से शाम 6 बजे चेन्नई जाने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 1 घंटा 20 मिनट देरी से रवाना हुई। लखनऊ से रात 10ः45 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान 50 मिनट विलंब उड़ान भर सकी। लखनऊ से रात 11ः25 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान एक घंटा 10 मिनट देरी से रवाना हुई।

## समाचार

### अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। (उत्तरी) क्षेत्र में थाना मड़ियांव पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान जीएसआई पावर हाउस चौराहा की तरफ से आने वाले रस्ते पर किनारे पड़ी सीमेन्ट की पाईप के पास एक सफेद रंग गाड़ी में, एक व्यक्ति ड्राइविंग सीट पर बैठा है, थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने पुलिस टीम के साथ चारों तरफ घेर के पकड़ लिया, नाम पता पूछने पर अपना नाम अनुपम पटेल निवासी 1/1140, सेक्टर जे थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ, कब्जे से 240 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, इसी क्रम में , डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों इसको धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी**




लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में,थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने 1 वारंटी वांछित चल रहे थे, पूर्णमासी निवासी बुध्दुखेडा पो. बरौना,थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ को हिरासत पुलिस लिया गया, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा,के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर,नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### पराक्रम दिवस पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को किया गया नमन, दी गई श्रद्धांजलि

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। राष्ट्रवीर, देशरत्न नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई 7 इस शुभ अवसर पर एक वृहद श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन नेता जी सुभाष चौक (परिवर्तन चौक ) पर किया गया 7 स्थानीय प्रशासन व विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित इस समारोह मे भारतीय मानवाधिकार परिवार ने भी शामिल होकर भागीदारी की 7 भारतीय मानवाधिकार परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश अवस्थी , राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्द्रनाथ भट्टाचार्य, श्रीमती लता अवस्थी लखनऊ मण्डल अध्यक्ष, अमित शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अनिल अग्रवाल, वशीउल्लाह खान इत्यादि ने नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### गांजा बेचने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की बेहतरीन पहल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ । कमिश्नरेट के बाजार खाला क्षेत्र में पुलिस द्वारा नशे के कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डीसीपी पश्चिम के निर्देश पर गुलजार नगर चौकी प्रभारी दिलीप चौबे ने गांजा बेचने वालों पर शिकंजा कसने के लिए बेहतरीन पहल की है। प्रभारी दिलीप चौबे ने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, जिससे गांजा बेचने वालों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की अब खैर नहीं होगी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से न केवल गांजा बेचने वालों को ट्रैक किया जाएगा, बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। यह पहल नशा कारोबारियों पर नकेल कसने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस कदम से न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी, बल्कि स्थानीय लोगों में सुरक्षा का माहौल भी मजबूत होगा।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों की तिरंगा क्राफ्ट प्रतियोगिता

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। ट्विंकलिंग स्टार्स प्ले स्कूल, बाग क़ाज़ी यहियागंज में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तिरंगा क्राफ्ट प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी अध्यापिकाओं की सहायता से तिरंगे के रंगों का उपयोग कर विभिन्न प्रकार के सुंदर और रचनात्मक क्राफ्ट तैयार किए। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर शिराज उद्दीन ने बच्चों की रचनात्मकता और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनमें राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत करने में मददगार होते हैं। बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में मिठाई और बिस्किट दिए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल सीखने का अनुभव था, बल्कि उनकी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर भी।



# बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सरोजनीनगर के सभी 61 प्राइमरी स्कूलों में झूले लगवाना मेरा लक्ष्य- डॉ. राजेश्वर सिंह



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर ।सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति अपनी दूरदर्शी सोच और समर्पित प्रयासों के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है, जब उसकी नींव मजबूत हो, और बच्चे ही उस नींव का आधार हैं। उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और प्रेरणादायक माहौल प्रदान करने के लिए अनेक नवाचार किए हैं।अपने इन्हीं विचारों को साकार करने के लिए, विधायक डॉ. सिंह ने वर्ष 2022 में सरोजनीनगर से विधायक बनने के बाद परिषदीय विद्यालयों में झूलों की स्थापना का कार्य शुरू किया। उनका उद्देश्य था कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आए और वे स्कूल आने के प्रति अधिक उत्साहित हों। अब तक उन्होंने सीएसआर फंड और निजी संसाधनों के माध्यम से अब-तक 61 विद्यालयों में झूले लगवाए हैं, और क्षेत्र के सभी 193 विद्यालयों में झूले लगाने का लक्ष्य रखा है। पूर्व में 55 स्कूलों में झूले लगवाए जाने के बाद फिर विधायक द्वारा प्राथमिक विद्यालय सदरौना, अमांवा, शिवदत्तखेड़ा, भटगांव, रामदासखेड़ा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजनौर में 6 प्रकार के झूले-स्लाइडर, सीसॉ, मंकी बार, मैरी-गो-राउंड और स्विंग–स्थापित किए गए हैं। स्कूलों में झूले लगने से बच्चों में स्कूल जाने की बढ़ती अभिरुचि और उत्साह को देखते हुए 15 और प्राथमिक विद्यालयों से झूले लगवाने के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसकी प्रक्रिया भी डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की जा चुकी है। सिर्फ स्कूल ही नहीं, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरोजनीनगर और लोकबंधु अस्पताल में भी झूलों की व्यवस्था की गई है। यह पहल बच्चों और क्षेत्रवासियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए की गई है। इसके अतिरिक्त, ओपन-एयर जिम और सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग जैसी योजनाओं की शुरुआत भी की गई है, जो युवाओं और बच्चों को खेलकूद की ओर प्रेरित करती हैं।डॉ. सिंह ने क्षेत्र के चार प्राथमिक विद्यालयों को गोद लेकर उनका कायाकल्प किया है और सभी स्कूलों में सीएसआर के माध्यम से आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। प्राथमिक विद्यालय लतीफनगर और पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमौसी को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय खसरवारा में भी व्यापक कायाकल्प करके इसे एक मॉडल स्कूल के रूप में स्थापित किया गया है। इन स्कूलों में जॉयफुल लर्निंग क्लास, मल्टी-प्लेस्टेशन, स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल, गूगल फ्यूचर क्लासरूम, रोबोटिक्स लैब और साउंड सिस्टम जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए स्कूलों का कायाकल्प, खेलकूद की व्यवस्था और आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चे हमारे भविष्य हैं, और उनके चेहरे की मुस्कान मुझे नई ऊर्जा देती है। उनके विकास से जुड़े हर संसाधन उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है। डॉ. सिंह के प्रयासों से न केवल बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, बल्कि सरोजनीनगर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मॉडल क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

# सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई

● छात्रों ने भाषण, अभिनय और कविता पाठ कर प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। गुरुवार दिनांक 23 जनवरी 2025 को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज लखनऊ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाई गई।प्रधानाचार्य डा. आशुतोष कुमार सिंह ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित शिक्षकों तथा छात्रों ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्रो ने भाषण, अभिनय और कविता पाठ कर प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अतुल पाण्डेय ने नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर डॉ ब्रिजेश तिवारी,अभय मिश्रा,राजीव सिंह,श्वेता सिंह, सरिता सिंह,दीप्ति तिवारी,अच्छेलाल वर्मा,अनिल गुप्ता,मुस्तगीस खान आदि शिक्षकों व बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती डॉ वसुंधरा सक्सेना ने किया।

# महाकुंभ उप्र सरकार की अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार का शिकार

➤ समय आने पर प्रमाण और तथ्य के साथ रखूंगा अपनी बात- उज्जवल रमण सिंह



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। समाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मशहूर प्रयागराज इन दिनों उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा फैली अव्यवस्थाओं तथा भ्रष्टाचार का षिकार हो गया है। साधु संतों शंख और भजन की जगह वीआईपी मूवमेंट में चल रही दर्जनों गाड़ियों की हूटर ने ले ली है। महाकुंभ पूरी तरह से वीआईपी कल्चर में डूब गया है। प्रयागराज से कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उप्र की योगी तथा केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ समापन के बाद उचित समय पर प्रमाण और तथ्य के साथ एक बार फिर अपनी बात रखूंगा साथ ही संसद में भी महाकुंभ में फैली अव्यवस्था तथा भ्रष्टाचार को उजागर करूंगा। सरकार ने महाकुंभ को लेकर घोषणाएं तो बहुत की लेकिन धरातल पर सारी घोषणाए खोखली निकलीं। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार को भ्रष्टाचार पर घेरते हुए कहा कि महाकुंभ में न तो उचित खाने की व्यवस्था है न ही पानी एवं शौचालय की व्यवस्था है। इस कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं को खुले आसमान में सोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। महाकुंभ को राजनीतिक कुंभ में तब्दील कर दिया गया है। अधिकारी महाकुंभ में आने वाले वीआईपी की देखभाल तथा चाटूकारिता में जुटे हैं इधर श्रद्धालुओं को 20-20 किमी. तक पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पूरे प्रयागराज में जाम की ऐसी स्थिति बनी हुई है कि स्थानीय लोगों को आने-जाने में घंटो जाम से जूझना पड़ रहा है। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार की नींव का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सारे ठेके गुजरात की उन कंपनियों को दे दिया गया है जिन्हें कुंभ पर काम करने का कोई अनुभव नहीं है। जो आंकड़े दिखाये या बताये जा रहे हैं वो सब फर्जी हैं क्योंकि महाकुंभ के नाम पर लिये गए करोड़ों की रकम पर भ्रष्टाचार जो करना है। उन्होंने कहा कि 2019 के कुंभ में भाजपा सरकार द्वारा कहा गया था कि कि महाकुंभ 2025 तक मेट्रो चलने लगेगी लेकिन मेट्रो का अब तक डीपीआर तक नहीं बन सका है। सरकार ने कहा था कि गंगा नदी पर छह लेन पुल कुंभ से पहले बनकर तैयार हो जाएगा, यह घोषणा तो योगी सरकार ने किया था पर वो भी अधूरा रह गया। हालत ये है कि तीर्थ पुरोहित, कल्पवासियों की सुविधाओं में कटौती कर दी गई है, तीर्थ पुरोहितों को संगम से दूर पूजा स्थल आवंटित किया गया है जिस वजह से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते रेलवे स्टेशन से लाखों की संख्या में स्नानार्थी पैदल चले आ रहे हैं जिसमें बच्चे बुढ़े महिलाएं षामिल हैं। न उनके पीने के पानी की व्यवस्था है न ही सुलभ शौचालय, विश्रामालय की कोई व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा की महाकुंभ में कैबिनेट मीटिंग कर धार्मिक और आस्था के आयोजन में राजनैतिक संदेश दिया जा रहा है लेकिन इससे प्रयागराज को कोई लाभं नहीं मिला। जिस रिफाइनरी का शिलान्यास हुआ था वह भी आंध्र प्रदेश चली गई। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने योगी सरकार को महाकुंभ में फैली अव्यवस्थाओं तथा भ्रष्टाचार को लेकर आगाह करते हुए कहा कि मौनी अमावस्या पर पिछले स्नान से 4 गुणा ज्यादा लोग आएंगे ऐसे में इसकी तैयारियों को सुनीश्चित् किए जाने की जरूरत है जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो साथ ही बसंत पंचमी तक वीं आई पी मूवमेंट तथा उनकी एंट्री बंद हो ताकि आम श्रद्धालुओं को महाकुंभ में स्नान करने का पूरा लाभ मिल सके।

# संपादकीय

## उत्तराखंड में यू.सी.सी

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली 225 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन आदि के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यूसीसी के कुशल क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसके लिए नागरिकों व अधिकारियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए गए हैं। यूसीसी के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण मसलन विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन रिलेशन, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने त्वरित पंजीकरण के लिये अलग शुल्क भी निर्धारित किए हैं। सरकार का दावा है कि लिव इन रिलेशन के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के वेबपोर्टल के उपयोग की शुरुआत फिलहाल सरकार की मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा। निस्संदेह, देश में पहली बार समान नागरिक संहिता को लागू करना उत्तराखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जो सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों को मानकीकृत करने के लक्ष्य को निर्धारित कर राज्य में समानता और न्याय की राह में कदम बढ़ाता है। हालांकि, कानून के विशेषज्ञ कुछ खमियों की ओर भी इशारा करते हैं। फाइलों में यह कोड एक साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मसलन विवाह व लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध और बच्चों के लिये समान विरासत अधिकार देता है, चाहे उनके माता-पिता की वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दूसरे शब्दों में स्त्री के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करके समतामूलक समाज की स्थापना का वायदा करता है। एक मायने में यह लैंगिक न्याय और प्रगतिशील सोच व आधुनिक मूल्यों का प्रतीक है। लेकिन जब हम इसके प्रावधानों का गहराई से मूल्यांकन करते हैं तो कई तरह की विसंगतियां सामने आती हैं। दरअसल,कई मुद्दों पर व्यापक विमर्श की कमी को लेकर भी सवाल उठते हैं। कुछ लोग समलैंगिक विवाहों की स्वीकार्यता के प्रश्न का जिक्र करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यूसीसी के प्रावधानों में गोद लेने के कानूनों पर खामोशी क्यों है? सवाल यह है कि क्या ये प्रयास व्यापक सुधारों को अंजाम दे पाएंगे? या फिर ये महज पैचवर्क की कवायद मात्र है? सरकार की दलील है कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशीलता को ध्यान रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि क्या इससे समान नागरिक संहिता के आदर्श लक्ष्यों की पूर्ति होती है? इसको लेकर एकरूपता के सवाल उठाते हुए कहा जा रहा है कि क्या यूसीसी का सार इसे सभी पर समान रूप से लागू करना नहीं है? आलोचकों का कहना है कि इस मुद्दे पर पर्याप्त विधायी बहस नहीं हो पायी है। यह भी कि इस गंभीर मुद्दे पर सर्वसम्माति बनाने के लिये वास्तविक प्रयास नहीं हुए। बजाय इसके इसे जल्दीबाजी में अंजाम दिया गया। विपक्षी लोगों का कहना है कि इस गंभीर मुद्दे पर लोगों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए थी और सभी लोगों की आवाजें पर्याप्त रूप से सुनी जानी चाहिए थीं। यदि ऐसा नहीं हो पाया है तो इसे हम कैसे सब लोगों का कानून कह सकते हैं? कुछ लोगों की दलील है कि कुछ प्रावधान नैतिक पुलिसिंग के करीब हैं। दंड के साथ लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण निष्पक्षता सुनिश्चित करने की तुलना में अनुरूपता को लागू करने का प्रयास अधिक लगता है। कुछ का कहना है कि इसमें उत्तराधिकार को लेकर औपनिवेशिक युगीन अपरिवर्तित कानूनों की छाया नजर आती है। तो क्या समान नागरिक संहिता एक सुधारवादी प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा पाएगा? निस्संदेह, यह पहला कदम उठाने के लिये उत्तराखंड सरकार को श्रेय दिया जा सकता है। लेकिन समान नागरिक संहिता की मुहिम की आगे की राह अधिक साहस और रचनात्मकता की मांग करती है। यदि इस पहल से राष्ट्र को प्रेरित करना है, तो इसे प्रगतिशीलता से आगे बढ़ना चाहिए। सही मायनों में इसे भारत के आधुनिक, बहुलवादी लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

## नये सिरे से संविधान की लड़ाई छेड़ती कांग्रेस

26 व 27 दिसम्बर, 224 को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस द्वारा आयोजित अधिवेशन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण पहले दिन के बाद रद्द कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार 21 जनवरी को कांग्रेस की ओर से उसी स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर यह संदेश दिया गया है कि श्जय बापू जय भीम जय संविधानश् का जो नारा पार्टी ने दिया है, उसे वह कतई छोड़ने नहीं जा रही है बल्कि पहले के मुताबिक कहीं अधिक जोर-शोर से वह उठाएगी। यह अधिवेशन वहीं आयोजित किया गया था जहां इन्हीं तारीखों पर महात्मा गांधी ने कांग्रेस की अध्यक्षता की थी और वह उनके जीवन काल का एकमेव अधिवेशन था जिसमें उन्होंने यह महत्वपूर्ण दायित्व सम्हाला था। वह स्थल अब सुवर्ण सौध कहलाता है। उन्हीं क्षणों की याद में ठीक 1 वर्षों के बाद कर्नाटक कांग्रेस ने यह अधिवेशन आयोजित किया था ताकि उस ऐतिहासिक विरासत से सब अवगत हो सकें तथा गांधीवादी मूल्यों के लिये संगठन की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके। हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस प्रकार से संविधान को कमजोर किया गया है और उसकी ओर से संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को अपमानित करने का काम हो रहा है, उसके खिलाफकांग्रेस की लड़ाई की शुरुआत बेलगावी से शुरू की गयी । कहा जा सकता है कि वह लड़ाई कांग्रेस न भूली है और न ही वह उसे छोड़ रही है। इसके विपरीत अब यह लड़ाई गांधी के साथ अंबेडकर तथा संविधान को बचाने की ही लड़ाई बन गयी है। इस लड़ाई का एक मोर्चा इसी माह की 27 तारीख को अंबेडकर के जन्म स्थान महू (मध्यप्रदेश) में खोला जायेगा जहां पार्टी एक बड़ा अधिवेशन करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के तमाम बड़े नेता शामिल होने जा रहे हैं जहां से श्जय बापू जय भीम जय संविधानश् आंदोलन की विधिवत शुरुआत होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा कांग्रेस कार्यसमिति (वर्किंग कमेटी) के सभी सदस्य, कांग्रेस शासित राज्यों के सारे मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री आदि इसमें शिरकत करने जा रहे हैं। एक तरह से इसे ही बेलगावी से छेड़े गये अभियान की नयी शुरुआत मानी जा रही है क्योंकि उसके साथ ही कांग्रेस के लोग संविधान बचाने का नारा लेकर देश भर में जायेंगे। देश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात फेरियां निकालेंगे और संविधान के महत्व से जनता को अवगत करायेंगे। बेलगावी तथा महू से उठने वाले स्वरों से भाजपा की बदहवासी अभी से दिखने लगी है क्योंकि पार्टी 24 या 25 जनवरी को मध्यप्रदेश में ही सम्मेलन कर कांग्रेस को जवाब देना चाहती है लेकिन अब तक उसकी न तो रूपरेखा बन पाई है और न ही उसका संदेश स्पष्ट हो पाया है। लोकसभा के पिछले सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जिस प्रकार से अंबेडकर का अपमान किया गया था, उससे देश भर में शाह के खिलाफआक्रोश है। याद हो कि राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा था कि, श्आजकल अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना फैशन हो गया है।श् उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर तंज कसा था कि श्यदि इतनी बार भगवान का नाम लिया जाये तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल सकता है।श् इसका कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने जमकर विरोध किया था तथा शाह से माफी और इस्तीफा देने की मांग की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मांग की गयी थी कि वे शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करें। इसे लेकर देश भर में कई जगह पर प्रदर्शन हुए थे।

# भारतीय कंपनियां क्यों कर रही हैं ड्यूटी के घंटे बढ़ाने की वकालत

**अरुण श्रीवास्तव**

“ कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है, जो एक भयावह संदेश देता है ”

कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है, जो एक भयावह संदेश देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के चरित्र में बदलाव आ रहा है और यह पूंजीवादी औद्योगिक संबंध की रूपरेखा प्राप्त करने के लिए पूर्ण चक्र में आ गया है। भारतीय उद्योगों के कप्तान काम के घंटे बढ़ाकर 70 घंटे, और कुछ तो 90 घंटे तक करने की भी मांग कर रहे हैं। जाहिर है कि औद्योगिक इकाई के विकास के लिए श्रमिक को अपने पारिवारिक जीवन और अवकाश के समय का त्याग करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह देखना विडंबना है कि विनिर्माण में लगातार गिरावट आ रही है, प्रति प्रतिष्ठान सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 6.7 प्रतिशत कम हो गया है, और इसी अवधि में प्रति श्रमिक जीवीए4.2 प्रतिशत कम हो गया है। असंगठित क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के एक तथ्य पत्रक के अनुसार, यह संगठनात्मक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर कम उत्पादकता को दर्शाता है।

भारतीय श्रम बाजार की हालत खराब है। यह विशेष रूप से युवा लोगों के बीच उच्च बेरोजगारी की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 3.2प्रतिशत है। 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 10.2प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगारी दर अधिक है। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की बेरोजगारी दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जबकि पूंजीवादी देशों में आम तौर पर विकासशील देशों की तुलना में काम के घंटे कम होते हैं और हाल के वर्षों में उनमें से कुछ ने काम के घंटों को और भी कम कर दिया है, भारतीय दिग्गज काम के घंटे बढ़ाने के लिए तरस रहे हैं। आय में वृद्धि के साथ विकसित या पूंजीवादी देशों में, श्रमिक अधिक अवकाश समय वहन कर सकते हैं। यह निश्चित रूप से भारत और उसके श्रम बल के मामले में नहीं है। अवकाश समय की अवधारणा एक विकृत विचार है। श्रमिकों को इसकी स्पष्ट समझ नहीं है। क्या इन मालिकों को लगता है कि काम के घंटे बढ़ाकर वे अपने मुनाफे को कई गुना बढ़ा सकते हैं? राष्ट्रीय आय और औसत काम के घंटों के बीच एक संबंध है। कॉर्पोरेट क्षेत्र ने व्यापार के प्रति अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। यह विनिर्माण में बहुत अधिक पैसा निवेश करने को तैयार नहीं है। निर्माता तो कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलने के पक्ष में हैं, तथा पूरे जीवनचक्र को सटीकता के साथ प्रबंधित करते हैं, जबकि व्यापारिक कंपनियां महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, जो निर्माताओं और खरीदारों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाती हैं। अत्यधिक विकसित राष्ट्र बनने की चाह में, कॉर्पोरेट क्षेत्र ने भी शॉर्टकट चुना है। विनिर्माण में निवेश करने के बजाय, यह व्यापार के माध्यम से लाभ कमाने के लिए प्रयासरत है।




व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं। वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक है। लेकिन व्यापार के मामले में, लाभ काफी अधिक है और प्राथमिक लाभों में से एक विनिर्माण की तुलना में कम अग्रिम निवेश करना पड़ता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में, सोर्सिंग और खरीद में लगे व्यवसायों के लिए निर्माताओं और व्यापारिक कंपनियों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है। 2019 में, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने श्भारत में समय का उपयोग- 2019श् नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें एक चौंकाने वाली वास्तविकता सामने आई - 15-59 वर्ष की आयु के पुरुष शहरी कर्मचारी प्रतिदिन औसतन 521 मिनट या सप्ताह में 60 घंटे और 47 मिनट प्रत्यक्ष रोजगार और संबंधित गतिविधियों पर लगाते हैं। यह कानूनी रूप से निर्धारित 48 घंटे के कार्य सप्ताह के मिथक को ध्वस्त करता है। इसी तरह, इसी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन औसतन 13 घंटे वेतन और अवैतनिक काम पर बिताती हैं, जो उनके दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकता को दर्शाता है। फिर भी नरेंद्र मोदी की पूंजीवाद समर्थक सरकार ने अपने हितों को बढ़ावा देते हुए रिपोर्ट के निष्कर्षों को दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा और बहस नहीं हो सकी। सबसे कपटी पहलू आईटी और संबंधित क्षेत्रों में वर्क-फ्रॉम-होम व्यवस्था का कार्यान्वयन है, जिसने कार्यदिवस को लगभग 24 घंटे तक बढ़ा दिया है। यह कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहने की अनुमति देता है। लेकिन सच तो यह है कि वह अवकाश के विशेषाधिकार का आनंद नहीं ले सकता, क्योंकि उसे 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है। कुछ को छोड़कर जिन्होंने उत्पादन की नयी अवधारणाएंऔर विचार अपनाये हैं, अधिकांश अभी भी उत्पादन की पारंपरिक शैली का पालन करना पसंद करते हैं। वे तकनीकी नवाचार लाने के खिलाफ हैं जो काम को अधिक कुशल और उत्पादक बनाते हैं। उद्योगपति श्रम शक्ति के उपयोग के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। हालांकि वे विनिर्माण और उत्पादन के पूंजीवादी तरीके का पालन करने का दावा करते हैं, लेकिन उनका रवैया पूरी तरह से सामंती है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरगाष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) प्रति सप्ताह 48 घंटे से अधिक काम करने को अत्यधिक मानता है।

# महाकुंभ में मोनालिसा

**सर्वमित्रा सुरजन**

विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई। तस्वीर में चित्रित नारी के चेहरे की रहस्यमयी मुस्कान आज भी लोगों को सम्मोहित करती है। मोनालिसा की पेंटिंग पर जितने शोध हुए, शायद ही किसी अन्य पेंटिंग पर हुए होंगे। इस पेंटिंग में जो नारी दिख रही है, क्या उसका असली नाम मोनालिसा ही है या कुछ और है। क्या वो फ्रांस के किसी व्यापारी की पत्नी है या इटली के किसी प्रांत से आई है, क्या लियोनार्दो ने खुद को ही नारी रूप में चित्रित किया है, ऐसे कई-कई सवाल इस पेंटिंग से जुड़े हैं और किसी का भी सटीक जवाब नहीं मिला। 16वीं सदी से चले आ रहे सवाल 21वीं सदी में भी कायम हैं और अब 21वीं सदी में भारत में एक नयी मोनालिसा चर्चा में आ गई हैं, जिससे कुछ और नए सवाल खड़े हो गए हैं। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में धर्म-आध्यात्म से ज्यादा चर्चा चिमटे वाले बाबा, जटाओं वाली सुंदरी साध्वी, आईआईटी बाबा और माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की हो रही है। कत्थई चमकीली आंखों वाली मोनालिसा अपने परिवार के साथ मेले में माला बेचने आई थी, ताकि कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। लेकिन संगम में डुबकी लगाकर इहलोक-परलोक साधने की तमन्ना लिए आए बहुत से श्रद्धालुओं का ध्यान धर्म पर कम और मोनालिसा की आंखों पर अधिक रहा। रही-सही कसर सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय जमात ने पूरी कर दी। मोनालिसा के नाम से सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट बन गए और उनकी मर्जी लिए बगैर रील पर रील प्रसारित होने लगीं। सोशल मीडिया के जरिए मोनालिसा फिलहाल वायरल हो गई हैं, वायरल यानी मियादी बुखार, जो थोड़े वक्त बाद उतर ही जाएगा। मोनालिसा को इंटरनेट संसेशन इन दिनों कहा जा रहा है। संसेशन यानी सनसनी भी कुछ देर के बाद शांत हो ही जाएगी। वक्त के पन्नों को थोड़ा सा पलटेंगे तो ऐसे कई सनसनी मचाने वाले वीडियो याद आ जाएंगे, कभी व्हाय दिस कोलावेरी डी लोगों की जुबान पर चढ़ता है, कभी ये हमारी कार है, ये हम हैं और ये हमारी पार्टी हो रही है, की धूम मचती है, कभी प्रिया प्रकाश वारियर का वीडियो वायरल होता है, तो कभी यशराज मुखाटे का रसोड़े में कौन था, हिट हो जाता है।

लोग भेड़ों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि जमाना सोशल मीडिया की चाल पर चलने लगा है। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर यानी अपनी रील्स या वीडियो से समाज को प्रभावित करने वाले लोग, यूट्यूबर्स, या कलाकार अपनी मर्जी से वीडियो बनाएं, प्रसारित करें, समाज की आलोचना या प्रशंसा का पात्र बनें, यह उनका अधिकार है, लेकिन महाकुंभ में आई एक मासूम लड़की को जिस तरह सोशल मीडिया की गिरफ्त में इस समय जकड़ा गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जानकारी के मुताबिक मोनालिसा का परिवार मध्यप्रदेश के महेश्वर इलाके का है और उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। वर्ना महाकुंभ में रहकर मालाएं बेचने के लिए पूरे परिवार को नहीं आना पड़ता। मोनालिसा शायद शिक्षित भी नहीं है और उसकी उम्र 16 बरस के आसपास बताई जा रही है, अगर यह सही है तो मोनालिसा नाबालिग है। ऐसे में उसके वीडियो बनाना और उन्हें वायरल करना कानूनन सही नहीं है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग या महिला आयोग को इस मामले में स्वतरू संज्ञान लेकर इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसे किसी कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। मोनालिसा के अब तक कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बहुत से लोग उनसे बात करते हुए उसे रिकार्ड कर रहे हैं। कोई उनसे राजस्थान आने कह रहा है, कोई पूछ रहा है कि आप फिल्मों में काम करना चाहती हैं क्या, कोई उनसे अंग्रेजी आती है या नहीं, पढ़ी-लिखी हो या नहीं, ऐसे सवाल कर रहा है। एक वीडियो में तो मोनालिसा एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती नजर आ रही हैं और उस पर भी लोग टिप्पणी कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि सादगी में ही सुंदरता है, कोई बता रहा है कि मेकओवर अच्छा हुआ है। एक वीडियो मोनालिसा, उनके बड़े भाई और किसी पार्लर चलाने वाली महिला का है, जो बता रही हैं कि उनका असली इंस्टाग्राम अकाउंट कौन सा है और लोग नकली अकाउंट को फॉलो न करें। इन तमाम वीडियो में मोनालिसा सहजता से बात करती और मुस्कुराती दिख रही हैं, यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि चकाचौंध में निज अधिकारों की बात कई बार हाशिए पर चली जाती है। लेकिन एक वीडियो ऐसा भी सामने आया, जिसमें मोनालिसा के घर वालों को उन्हें शॉल से ढंक कर शिविर के भीतर भेजना पड़ा ताकि लोगों की नजरों और बातों से उन्हें बचा सकें। इस वीडियो में एक महिला मोनालिसा के पास आने की कोशिश करते लोगों को हटा रही है। बीच में खबर आई कि मोनालिसा को वापस उनके घर भेज दिया गया। हालांकि उनके दादा ने बताया कि अभी वो प्रयागराज में ही हैं। उनके दादा ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस अप्रत्याशित शोहरत के कारण उनका व्यापार ठप्प हो रहा है। कई लोगों से उधार लेकर इस परिवार ने सामान खरीदा था, ताकि महाकुंभ में बेच कर मुनाफा कमा सकें। मगर मोनालिसा का वायरल होना उन्हें दूसरे तरीके से भारी पड़ रहा है।मोनालिसा और उनका परिवार उनके जीवन में आए इस बदलाव को किस तरह से स्वीकारता है, संभालता है, महाकुंभ खत्म होने के साथ ही मोनालिसा की चर्चा भी क्या खत्म हो जाएगी, क्या कोई निर्माता-निर्देशक मोनालिसा को फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव देगा, क्या बिग बॉस निर्माता अपने अगले संस्करण के लिए मोनालिसा के नाम पर विचार कर रहे हैं, ऐसे कई सवालों के जवाब वक्त देगा। लेकिन इनके बीच धर्म और आध्यात्म के झंडाबरदारों को विचार करना चाहिए कि क्या मोनालिसा जैसे प्रसंग महाकुंभ के महात्म्य को कम नहीं करते हैं। महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।भगवान की भक्ति में रमने वालों को इस बात से क्यों फर्क पड़ना चाहिए कि कुंभ के लिए स्टीव जॉब्स की पत्नी अमेरिका से आई हैं या गौतम अडानी अपनी पत्नी के साथ भोजन परोस रहे हैं।



# महाकुंभ गीत

भेष बदल कर घूम रहे हैं
देवी- देवता कुंभ में
डमरू सहसा बजने लगा
हर- हर महादेव की धूम में

भेष बदल कर घूम रहे हैं...

दिव्य हो गई प्रयाग की धरती
रश्मियां गगन से नीचे उतरती
चमक रहें हैं स्वर्ण मुकुट
महाकुंभ के व्योम में
भेष बदलकर घूम रहे हैं
देवी- देवता कुंभ में

जन्मों के पुण्य खिल गए

महाकुंभ में योगी मिल गए
संगम के प्रतिबिंब बस गए
सबके रोम- रोम में
भेष बदलकर घूम रहे हैं
देवी देवता कुंभ में ...

मन की आँखें खोल रे मितवा

महाकुंभ से जोड़ ले चितवा
जीव अंश अविनाशी
देखें तुम हममें हम तुम में
भेष बदल कर घूम रहे हैं
देवी देवता कुंभ में

शरद कुमार वर्मा
लखनऊ

# वैष्णव जन तो तेने कहिए ...

**किसी दुर्घटना में आंखें खो चुके मरीजों का मुफ्त इलाज करके उनकी आंखें वापस लाने का अनूठा काम भी डा. ग्रेवाल सरीखा कोई व्यक्ति ही कर सकता है। अभिनय, फोटोग्राफी, नृत्य, संगीत आदि कलाओं में महारत पाने के लिए जिस संयम, धीरज और लगातार अभ्यास की आवश्यकता होती है, वह व्यक्ति को संवेदनशील बनाती हैं। ऐसा कोई भी व्यक्ति जब अपने धन अथवा समय को जनसेवा के कार्यों के लिए भी समर्पित करता है तो वह सच्चे अर्थों में आध्यात्मिक हो जाता है।**

आज हम उस युग में जी रहे हैं जब विज्ञान लगातार छलांगें लगा-लगाकर प्रगति कर रहा है। रोज नए आविष्कार हो रहे हैं, नई तकनीक आ रही है, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस ने हमारे जीवन का नक्शा ही बदल दिया है। स्मार्ट फोन और स्मार्ट हो गया है, टीवी और स्मार्ट हो गया है, और हम खुश होते जा रहे हैं। आए दिन हम अपने गैजेट अपग्रेड कर लेते हैं, गैजेट अपग्रेड न भी करें, नया वाला वर्शन न भी खरीदें तो भी पुराने गैजेट में ही कई-कई बार अपडेट्स आ जाते हैं और पुराने गैजेट का कामकाज भी कुछ और सुधर जाता है, कुछ और आसान हो जाता है, कुछ और अपग्रेड हो जाता है। विज्ञान की यह पूरी तरक्की हमारे दिमाग के कारण है, ये सारे गैजेट हमारे दिमाग का आविष्कार हैं, पर क्या हमने कभी सोचा है कि हम गैजेट तो अपडेट भी करते हैं और अपग्रेड भी करते हैं, पर क्या हमने कभी अपने दिमाग को अपडेट किया है? अपने दिमाग को अपडेट करने के लिए हम क्या कर रहे हैं? पुराने पड़ चुके विश्वासों और पूर्वाग्रहों को लेकर हम क्या कर रहे हैं? हम अपने दिमाग को अपडेट नहीं कर रहे हैं और इसमें तरह-तरह के वायरस भरते जा रहे हैं। सोशल मीडिया आज हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। यह कहना तो गलत होगा कि सोशल मीडिया खतरनाक है, सच यह है कि हमारे चुनाव इतने खराब हैं कि हममें से अधिकतर लोग सोशल मीडिया से लाभ उठाने के बजाय, इसे नशे की तरह प्रयोग करने लग गए हैं। यही कारण है कि हममें से अधिकांश लोगों के लिए सोशल मीडिया सूचना के बजाय शोर हो गया है, अनर्गल प्रलाप हो गया है और समय बर्बाद करने का साधन बन गया है। हम सोशल मीडिया के जाल में तड़प रहे हैं लेकिन विडंबना यह है कि इसमें इतना नशा है कि हम इससे बाहर आना ही नहीं चाहते। हमने मान लिया है कि जीवन एक बड़ी प्रतियोगिता है और हमें इस प्रतियोगिता में हमेशा आगे रहना है। हम देखते आ रहे हैं कि किस प्रकार कुछ लोग दूसरों के कंधों पर सवार होकर आगे निकल जाते हैं, सफल हो जाते हैं और दुनिया उन पर गर्व करती है। कुछ गलत उदाहरणों ने हमारी सोच को भ्रष्ट कर दिया है। मेरे संपर्क में आने वाले बहुत से लोग ऐसे हैं जो सोशल मीडिया पर ही सफल नहीं दिखते, बल्कि अपने व्यक्तिगत जीवन में भी सफल दिखते हैं, समाज की निगाह में आदर्श जीवन जी रहे हैं, उनके संपर्क अच्छे हैं, रिश्ते अच्छे हैं, वे अच्छे टीम लीडर हैं और व्यावसायिक एवं पेशेवर जीवन में सफल हैं, लेकिन ऐसे लोग भी अंदर ही अंदर घुल रहे हैं, अनजानी पीड़ा उन्हें खाये जा रही है, और वे अपने सोशल स्टेटस के कारण अपनी पीड़ा का बयान भी नहीं कर पाते।

एक समय ऐसा अवश्य आता है जब उन्हें गहराई से अपने जीवन का खालीपन चुभने लगता है और कई बार यह चुभन किसी बड़े रोग के रूप में सामने आती है। यही कारण है कि आज हम आध्यात्मिकता का बड़ा बाजार देख रहे हैं क्योंकि सफल दिखने वाले अमीर लोग शांति के लिए कितना भी धन देने को तैयार हैं। उनके पास धन है, शांति की खोज जारी है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव यह है कि यदि व्यक्ति काम में खेल भी जोड़ ले तो उसका जीवन सुखद हो जाता है। मैं संन्यासी हूं, पर मैं यहां आध्यात्मिकता की बात नहीं कर रहा। मैं शुद्ध व्यावहारिक बात कर रहा हूं। मैं किशोर वय का था जब एक संयोग ने मुझे एक हमउम्र किशोर से मिलवाया जो आज डा. देविंदर बिमरा के नाम से समाज को रोशन कर रहे हैं। डा. देविंदर बिमरा पेशे से डॉक्टर हैं, लेकिन साथ ही एक संवेदनशील लेखक, कवि और अभिनेता भी हैं और उन्हें डॉक्टर के रूप में जो सफलता मिली है, उनके अंदर के लेखक, कवि और अभिनेता ने उसमें आनंद का टॉनिक भर कर उनके जीवन को परिपूर्ण बना दिया है। जब हम काम के साथ अपने शौक भी जिंदा रखते हैं तो हम एक भरपूर जीवन जीते हैं और अगर शौक ऐसा हो जो समाज के नैतिक विकास में योगदान भी दे सके, तो सोने पर सुहागा। डा. देविंदर बिमरा का जीवन सामाजिक योगदान का अनुपम उदाहरण है क्योंकि नए उभरते लेखकों और अभिनेताओं को प्रोत्साहित करना, टिप्स देना तो उनका रोज का काम है ही, वे अपनी मित्र सूची के हर व्यक्ति की जन्म दिवस का रिकॉर्ड रखते हैं और मेरी जानकारी में वे ऐसे अकेले व्यक्ति हैं जो अपने हर मित्र के जन्म दिवस की बधाई सबसे पहले देते हैं। उनका यह काम हर चेहरे पर मुस्कान लाता ही है। ग्रेवाल आई इंस्टीट्यूट के संस्थापक मेरे मित्र डा. एसपीएस ग्रेवाल भी ऐसे ही एक बेमिसाल व्यक्ति हैं। डा. ग्रेवाल एक नामी आई सर्जन हैं, साथ ही वे एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फोटोग्राफर होने के अलावा एक बेहतरीन प्रोग्रामर भी हैं। ग्रेवाल आई इंस्टीट्यूट में कंप्यूटर तकनीक से संबंधित पूरी प्रोग्रामिंग खुद डा. ग्रेवाल ने की है। वे जब भी किसी कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए जाते हैं तो अपना कैमरा साथ ले जाना नहीं भूलते और आसपास के दर्शनीय स्थलों के जीवंत फोटो लेते रहते हैं। फोटोग्राफी के अपने शौक के कारण वे अक्सर जंगली जीवों के संपर्क में भी आते हैं। वे बताते हैं कि एक बार उन्हें तीन बार सफारी ट्रिप पर जाना पड़ा।

# मुगलसराय में सड़क चैड़ीकरण को लेकर मची रार

➲ जुलूस में भाजपा समेत सभी दलों के नेता हुए शामिल
➲ आंदोलनकारियों से हुई पुलिस की झड़प



पीडीडीयू,चन्दौली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय पड़ाव से गोधना मोड़ तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान नगर में सिक्स लेन के समर्थकों ने देर शाम जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों ने सिक्स लेन बनाये जाने के समर्थन में नारेबाजी भी की। फिर आंदोलनकारी से पुलिस से झड़प हो गई, सिक्स समर्थकों ने मौके पर आये एसडीएम पीडीडीयू नगर को मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक सौंपा। वहीं एक अन्य पत्र सौंपते हुए नगर को जाम से मुक्त बनाये जाने की मांग की। इसके एक दिन पहले सोमवार को नगर के व्यापारियों ने नगर में चार लेन ही बनाने जाने की मांग करते हुए जुलूस निकाला था और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को पत्रक सौंपा था।

पड़ाव से गोधना तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पीडीडीयू नगर में सड़क की चौड़ाई को लेकर लोग दो भागों में बंट गये है। एक गुट नगर स्थित जीटी रोड के व्यापारियों का है जो शहर में शासन की ओर से प्रस्तावित चार लेन सड़क ही बनवाने का समर्थन कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दूसरा गुट नगर में भी सिक्स लेन बनाने की मांग पर अड़ा है। इसे लेकर आर्य समाज मंदिर परिसर के बाहर लोग धरना भी दे रहे है। मंगलवार को सिक्स लेन समर्थकों ने नगर में जुलूस निकाला। इस दौरान सिक्स लेन समर्थकों ने नगर के जीटी रोड स्थित गुरुद्वारे से परमार कटरा तक जुलूस निकाला। जुलूस परमार कटरा से होते हुए पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचा। इसके पुनः आर्य समाज मंदिर पर आकर लोग धरने पर बैठ गये। इस मौके पर अंशु चतुर्वेदी ने बताया कि नगर में जिस तरह से सड़क का निर्माण हो रहा है। बताया कि नगर में जिस तरह से सड़क का निर्माण हो रहा है,उससे स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी।कहा कि मुख्यमंत्री को संबोधित कए पत्रक एसडीएम पीडीडीयू नगर को सौंपा गया है। जिसमें नगर में भी सड़क को सिक्स लेन बनाने की मांग की गई है। इसके साथ ही पत्र पर मुख्यमंत्री का निर्णय आने तक कार्य को रोके जाने की भी बात कही गई है। वहीं शहर के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ऑटो चालकों पर नंबरिंग करने, जीटी रोड पर जगह-जगह बने कट को बंद करने के अलावा ठेला खोमचा वालों के लिए भी व्यवस्था किये जाने की मांग की गई है।

## एक मार्च से शुरु होगी गेंहू खरीद, कराएं पंजीकरण

चित्रकूट, । गेहूँ खरीद वर्ष 225-26 के अन्तर्गत सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर आगामी एक मार्च से सीधे किसानों से खरीद प्रारम्भ हो जाएगी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गेहूँ खरीद के लिए जनपद में चार एजेन्सियों के कुल 38 गेहूँ क्रय केन्द्रों का अनुमोदन कर दिया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि इसके लिए सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर गेहूँ बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। आनलाइन पंजीकरण एक जनवरी से प्रारम्भ हो गए है। बताया कि अब तक जनपद में कुल 63 किसानों द्वारा आनलाइन पंजीकरण कराया गया है। बताया कि जिन किसानों ने गत वर्षों में इसके लिए पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अपने पुराने पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। वह किसी भी जनसेंवा केन्द्र, साइबर कैफे अथवा स्वंय मोबाइल से यह कर सकते है।

# चन्दौली में 26 जनवरी से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

➲ पंप पर सीसीटीवी कैमरा जरूरी ➲ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का किया जा रहा प्रयासः एआरटीओ

पीडीडीयू, चन्दौली। चन्दौली जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एआरटीओ डॉ सर्वेश गौतम ने नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति को लागू करने की घोषणा की है। यह नियम 26 जनवरी 225 से प्रभावी होगा, जिसके तहत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और सवार को पेट्रोल नहीं मिलेगा।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ सर्वेश गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्यु पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा नो हेल्मेट, नो फ्यूल) की रणनीति को जनपद में लागू किया गया है। उक्त रणनीति के अन्तर्गत गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी से जनपद में इसका अनुपालन कड़ाई से कराने हेतु शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिये जारी किये गये हैं कि वे अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेगें कि 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालको पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। साथ ही पेट्रोल पम्प संचालन अपने प्रतिष्ठान के सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रखेंगे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। विदित हो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उप्रे मोटरयान नियमावली-1998 के नियम-21 के अनुसार सभी मोटर साईकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरों (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्मानों का प्राविधान है।

## मठना में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का निकाला गया जुलूस



जमालपुर, मिर्जापुर। विकासखंड जमालपुर के मठना गांव से अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की मूर्ति के स्थापना के वर्षगांठ पर ग्राम प्रधान एवं युवाओं के सहयोग से तिरंगा झंडा एवं भगवान राम की मूर्ति रथ पर लगा करके युवाओं ने क्षेत्र में भ्रमण किया। युवाओं द्वारा जोश के साथ भारत माता की जय एवं जय श्री राम का नारा बुलंद किया जा रहा था। जुलूस मठना गांव के प्रधान गंगाराम पटेल के नेतृत्व में शुभारंभ किया गया। जुलूस मठना से होते हुए जलालपुर, जमालपुर ,रानीबाग, नारायणपुर (सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा), टेडुआ वीरबाबा, जोगवा , कौवासाथ होते हुए मठना गांव आया। इस अवसर पर सुजीत कुमार पटेल, अजीत सिंह ,कुंवर बाबू, लखेदू पटेल, शशिधर पटेल, पिंटू पटेल, शैलेंद्र पटेल, रोशन पटेल, सिराज आदि लोग थे।

## हाइवे से लगे लिंक मार्ग टूटने से राहगीरों का चलना हुआ मुहाल



नरायनपुर, मिर्जापुर। अदलहाट थाना अन्तर्गत नरायनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एन एच - 7 से लगे लिंक मार्ग बुरी तरह से टूटने के कारण आम राहगीरों का आना - जाना मुहाल हो गया है। रसूलगंज से हमीदपुर मार्ग जो देवरहा बाबा स्कूल से होकर गुजरता है, की स्थित काफी जर्जर हो चुका है। काफी समय से सड़क से तारकोल, काली गिट्टी और छर्रे उखड़ कर गायब हो चुके हैं। रास्ता गहरे गड्ढों में तब्दील होता चला जा रहा है। ऊपर से घरों में पानी सप्लाई देने वाला पाईप टूटने से पानी गड्ढों में भर जाना मार्ग को और भी दुष्कर बना दिया है। रसूलगंज से होकर जाने के लिए एक मात्र मार्ग है। वहां के वासियों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। रात के समय वृद्ध और कम नयन ज्योति वालों के लिए मार्ग खतरनाक बन जाता है। लोग गिर - पड़ जाने के कारण बुरी तरह चोटिल और घायल हो जाते हैं। यहीं दो शैक्षणिक संस्थाएं भी चलते हैं जिनसे प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे आतेजते हैं। नन्हे मुन्ने बच्चे भी गिरकर घायल हो जाते हैं। जिनका वहां कोई देखभाल करने वाला नहीं होता। गर मार्ग को जल्द ही बनाया गया तो कभी भी अप्रिय घटना घट सकता है, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। इस कारण आसपास के रहने वाले काफी चिंतित और आक्रोशित हैं।

# पुलिस से झड़प प्रदर्शनकारियों पर पड़ी भारी

➲ दो दरोगा के तहरीर पर 350 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा
➲ वीडियो में पहचान कर होगी कार्रवाई



पीडीडीयू, चन्दौली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय कोतवाली में सड़क जाम करने व पुलिस से झड़प करने पर करीब 35 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है। बता दें कि पड़ाव से गोधना मोड तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण के दौरान नगर में सिक्स लेन के समर्थनों ने बिना अनुमति लिए ही मंगलवार को जुलूस निकाला था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सिक्स लेन बनाई जाने के समर्थन में नारेबाजी के साथ पुलिस से झड़प भी किया था, इसके बाद उप निरीक्षक हेमंत यादव की तहरीर पर करीब 2 की संख्या में अज्ञात लोगों के खिलाफ आधा दर्जन धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जबकि एक दिन पहले नगर के प्रदर्शनकारियों ने फोरलेन बनाने जाने की मांग करते हुए बिना अनुमति के न्यू महल सब्जी मंडी सड़क पर जुलूस निकाला था, रोड पर नारेबाजी करते हुए सड़क का आवागमन बंदकर दिए और पूरी सड़क जाम करते हुए फोरलेन सड़क बनाने की मांग करने लगे। इनके खिलाफ भी चौकी प्रभारी मनोज तिवारी के तहरीर पर कई धारों में 15 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस संबंध में मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने बताया कि सिक्स लेन समर्थनों ने बिना अनुमति लिए ही प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से झड़प के आधार पर 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएस की धारा 189,189, 126, 19, 121, 192 में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि फोरलेन की प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति लिए जुलूस निकाला था लगभग 15 लोगों के खिलाफ 189,19,126 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नगर पालिका क्षेत्र में खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरीः अंकुर वर्मा



बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि भाजपा की सरकार में विकास के अनेक कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। कहा कि लम्बे समय से मालवीय रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा था जो पूरा हुआ। निरन्तर विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। बताया कि नगर पालिका के विस्तार और गांवों को सम्बद्ध किये जाने का मामला लम्बित है जिसे शीघ्र लागू कराया जायेगा। बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी, रिवर फ्रन्ट के साथ ही अनेक प्रस्तावों पर शीघ्र स्वीकृति के बाद कार्य कराये जायेंगे। पत्रकारों के अनेक प्रश्नों का उत्तर देते हुये अंकुर वर्मा ने कहा कि शहर की जनता ने जिस विश्वास के साथ सेवा का अवसर दिया है उस पर वे खरा उतरेंगे। शहर में प्रकाश, पेयजल, सडक, नाली, खण्डजा आदि का चरणबद्ध ढंग से निर्माण कराया जा रहा है।

## अपर जिलाधिकारी ने दी गणतंत्र दिवस में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी

चित्रकूट, । आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को धूमधाम से मनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें गणतंत्र दिवस में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि गणतंत्र दिवस की सुबल प्रातः सात बजे मलिन बस्तियों में सफाई अभियान, आठ बजे प्रभात फेरी घोष के साथ एनसीसी स्काउट तथा झांकियां, 8:3 बजे समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों में झंडारोहण, झंडाभिवादन, राष्ट्रगान, संविधान के संकल्प का स्मरण तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान, 9:3 बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड, 1 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान के संकल्प का स्मरण एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 1:15 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं मिठाई का वितरण, 1:3 बजे साइकिल दौड़, नौ से 1:3 बजे तक स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, दो बजे दृष्टि संस्था शंकर बाजार कर्वी में फल वितरण तथा तीन बजे रूट मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संयोजक तथा सह संयोजक अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस को सादगी, सौहार्द, निष्ठा और गरिमा से उत्साहपूर्वक मनाया जाए। कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अपने कार्यालयों को अच्छे से सजाएं। कहा कि गणतंत्र दिवस को मनाये जाने के लिए जो शासन से दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उसी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराएं। बैठक में उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डीके सत्संगी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाजवादी विचारधारा के स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की मनाई गई पुण्यतिथि



आजमगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय, जनपद- आजमगढ़ पर छोटे लोहिया के नाम से जाने जाने वाले स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। जिला अध्यक्ष-हवलदार यादव ने जनेश्वर मिश्र के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह समाजवादी आंदोलन के पुरोधा थे वे पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा के प्रसार प्रचार में अर्पित कर दिया वे ईमानदार ,निर्भीक व निडर नेता थे। वह कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य बने और केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री भी रहे। उन्होंने हमेशा गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई के विरुद्ध संघर्ष कर नेतृत्व किया। जुल्म, अन्याय व ज्यादती के विरुद्ध चट्टान बनकर खड़े हो जाते थे। उनके विचारों आदर्शों की प्रासंगिकता आज भी है। पूर्व सांसद- नंदकिशोर यादव ने कहा कि प्रदेश में पूंजीवादी व्यवस्था के कारण गरीबी बढ़ती जा रही है। पूंजीपति जनता का शोषण कर अमीर से अमीर बनता जा रहा है। आज देश में जनेश्वर मिश्र जैसे संघर्षशील नेता याद आते रहेंगे। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने जिला संगठन में बालचंद कुशवाहा को जिला संगठन में जिला उपाध्यक्ष बनाया और उनका माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव हरिप्रसाद दुबे ने किया। बैठक में विधायक-अखिलेश यादव पूर्व विधायक- श्याम बहादुर सिंह यादव,अजीत कुमार राव, विवेक सिंह, मोहम्मद आरिफ खान,देवनाथ साहु,राजेश यादव, शिवसागर यादव, जयराम सिंह पटेल, अब्दुल्ला, बबीता चौहान, जगदीश यादव, राम आसरे चौहान, सिकंदर यादव, द्रौपदी पांडेय, किरन श्रीवास्तव, सना परवीन, प्रेमा यादव,दुर्गेश यादव, गुड्डी देवी, कुणाल मौर्य, संतोष कुमार गौतम, अभिषेक कुमार यादव,डॉ. अनीता,गौरव यादव, सूरज राजभर,हरिश्चंद्र यादव खरिहानी, अनुराग यादव, सुरेश यादव,सोहराब अहमद, निशांत राय टीपू, जगदीश प्रसाद, बाल रूप सरोज, दीपचंद विशारद, आशुतोष चौधरी,संदीप रजत सेठ, सचिन शाहनी,बृजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवाओं को मिलेंगे विदेशों में रोजगार के अवसर

चित्रकूट, । विदेशों में रोजगार के उपलब्ध अवसरों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सूबे के पांच हजार से अधिक युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी दिलाने की तैयारी की है। युवाओं को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है। जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि अभी तक विदेशों में नौकरी सिर्फ इजराइल तक ही सीमित थी, लेकिन अब इसमें जर्मनी और जापान को भी जोड़ दिया गया है। बताया कि विभाग के पोर्टल पर इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में इजराइल, जापान व जर्मनी में नर्सिंग व केयर गिवर के आयु सीमा 25 से 45 वर्ष रखी गई है। यहां 5 पद है और वेतन 1,31,818 रूपये प्रतिमाह मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जनवरी है। सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। उन्होनें बताया कि जर्मनी में सहायक नर्स की रिक्तियां है। इसमें नर्सिंग डिप्लोमा के साथ आयु सीमा 24 से 4 वर्ष निर्धारित है। पदों की संख्या 25 है।

## फरवरी के आखिर तक पूरे कराए जाएं निर्माण कार्यः आयुक्त



बांदा, । अधूरे पड़े सभी निर्माण कार्यो को आगामी एक मार्च से पहले पूर्ण कर लिए जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण कराएं। आयुक्त अजीत कुमार ने आयुक्त कार्यालय के सभागार में बुन्देलखण्ड विकास निधि जिलांश वर्ष 223-24 एवं 224-25 तथा बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यांश के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में मण्डल के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो उसकी जांच कराई जाएगी और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुन्देलखण्ड विकास निधि से सम्बन्धित कार्यों को कराये जाने के प्रस्ताव सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से प्राप्त करते हुए पन्द्रह दिनों के अन्दर प्रस्ताव प्रेषित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की रिपोर्ट धरातल पर किये गये कार्यों के अनुरूप सही रूप से भेजी जाए, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने चित्रकूट व जनपद महोबा के कार्यों की भी समीक्षा की।

# लापरवाही के मामले में उप संचालक ने दो चकबंदी लेखपालों पर लिया एक्शन

⇨ एक निलम्बित व दूसरे की शुरु हुई विभागीय जांच



चित्रकूट, । जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट विशेष क्षेत्र प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। जिसमें तौरा के चकबंदी लेखपाल द्वारा कोई सरकारी कार्य न किए जाने का मामला सामने आने पर विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश दिए गए। मानिकपुर तहसील के ऐंचवारा गांव में बुधवार को चौपाल लगाने के बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि जनपद चित्रकूट में कुल 56 ग्रामों चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें धारा 7 के स्तर पर कुल 2 गांव हैं। जिसमें अर्की, सिंधौली, तौरा, दरसेड़ा, नांदी एवं वीरधुमाई में अब तक चकबंदी लेखपाल द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। खासतौर से तौरा के लेखपाल उमेश पाण्डेय द्वारा कोई भी सरकारी कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके चलते सम्बन्धित लेखपाल पर विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश दिए। साथ ही एक अन्य लेखपाल शशिकांत द्वारा भी सरकारी कार्यों में लापरवाही करने एवं बिना सरकारी कार्य किए ही झूठी रिपोर्ट देने के कारण निलम्बित करने के निर्देश सहायक चकबंदी अधिकारी को दिए गए है। उन्होंने बताया कि धारा 8 पड़ताल के लिए दो गांव भटरी व चनहट, धारा 1 के स्तर पर पांच गांव, धारा 2 के स्तर पर कुल 1 गांव तथा धारा 27 अंतिम अभिलेख की तैयारी के लिए खरूही, खरौंध एवं छेछरिहा बुजुर्ग में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व जिला उप संचालक चकबंदी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम बगरेही के धारा 52 के प्रकाशन के लिए चकबंदी आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए है कि चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके चलते लेखपाल उमेश पाण्डेय और शशिकांत का वेतन की अग्रिम आदेशों तक के लिए रोका जाएगा।

## युवक को हॉकी और राड से पीटने वाले हमलावर घूम रहे छुट्टा



बांदा, । बाइक से अपने गांव जा रहे युवक को घेरकर तीन लोगों ने लोहे की रॉड और हॉकी से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। 15 हजार रुपये और सोने की चेन समेत मोबाइल छीन लिया गया था। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी छुट्टा घूम रहे हैं। घटना मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव की है। वहां रहने वाला 35 वर्षीय मोहनलाल ने एक सप्ताह पूर्व देर शमा बांदा से अपने गांव जा रहा था, तभी त्रिवेणी गांव के पास तीन युवकों ने लोहे की रॉड व हॉकी से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। युवक के पास से 15 हजार रुपये, सोने की चेन व मोबाइल छीन लिया। ससुर तेरहीमाफी गांव निवासी सुरेश ने मोहनलाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया कि दो बार पहले भी दामाद के ऊपर जानलेवा हमला कर चुके हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी छुट्टा घूम रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि कार्रवाई न होने से हमलावरों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टर, नर्स, एम्बुलेन्स की व्यवस्था के लिए डीएम को सौंपा गया ज्ञापन



बस्ती। बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कप्तानगंज के विधानसभाध्यक्ष आशीष राजभर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दुबौलिया विकास खण्ड क्षेत्र के आराजीडूही धर्मूपुर मुस्तहकम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेन्स और डाक्टर, नर्स तैनात किये जाने की मांग किया। डीएम ने आश्वासन दिया कि व्यवस्था करायी जायेगी।ज्ञापन देने के बाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, मंत्री प्रतिनिधि अमन राजभर ने कहा कि आराजीडूही धर्मूपुर मुस्तहकम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द में कोई सुविधा न होने के कारण इसका लाभ स्थानीय नागरिकों को ईलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो डीएम कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। विधानसभाध्यक्ष आशीष राजभर ने कहा कि सरकार भले ही बड़े दावे करे किन्तु सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। अनेक केन्द्रों पर डाक्टर नहीं हैं और सुविधायें न के बराबर है।डीएम को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उदयभान मौर्य, राहुल निषाद, दीपक यादव, अर्जुन राजभर, गुड्डू राजभर, राम पदारथ यादव, रामपाल राजभर, जीत कुमार, अमरजीत राजभर, रामेन्द्र राजभर, इन्द्रजीत राजभर, अंकित राजभर आदि शामिल रहे।

# समाज के भवन निर्माण के लिए 1200 स्क्वायर फीट जमीन किया दान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**

धनबाद। जिला धनबाद सूड़ी समाज के सामाजिक भवन का निर्माण बरवाअड्डा के मुराईडीह में किया जाएगा। इसके लिए समाज के लोग वर्षों से प्रतीक्षारत थे। लेकिन उन्हें भूमि उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उनके भवन निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा था। इस भवन के निर्माण एवं समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय सूड़ी समाज के वन भोज सह मिलन समारोह कोलाकुसमा, धनबाद में घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी राजेंद्र मंडल ने समाज की समस्या को देखते हुए अपने माता चंद्रावती देवी के नाम से भवन बनाने के लिए अपने स्वेच्छा से 1200 स्क्वायर फीट भूमि समाज को दान कर दी। उनके इस पहल को समाज के अन्य सदस्यों ने सराहना भी की एवं समाज की तरफ से राजेंद्र मंडल जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए पूर्व सांसद सूरज मंडल, पूर्व विधायक अमित मंडल, राष्ट्रीय सूड़ी समाज के राष्ट्रीय संयोजक रणबीर भारतीय, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मंडल, प्रदेश महामंत्री प्रकाश मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष अमीन मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, प्रवेश प्रवक्ता मनबोध मंडल, प्रदेश विधि प्रमुख विमल मंडल, प्रदेश विधि प्रमुख सागर मंडल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सोनाली मंडल, प्रदेश महामंत्री कुमकुम देवी, महिला मोर्चा संरक्षक डोर मंडल, युवा मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल मंडल, युवा मोर्चा महामंत्री हिमांशु मंडल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विश्वनाथ मंडल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विकास मंडल, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष पंकज मंडल, धनबाद जिला अध्यक्ष परितोष मंडल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय मंडल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कल्पना मंडल, जिला महामंत्री नाविक मंडल व राजू मंडल, जिला उपाध्यक्ष मधुर मंडल, गोलक मंडल व हेमंत मंडल, जिला मंत्री सुबल मंडल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कल्पना मंडल व महुआ मंडल, जिला मंत्री बुलू मंडल व सरिता मंडल, विधि प्रमुख मिनोती मंडल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, जिला कोषाध्यक्ष विकास मंडल, जिला मंत्री गौतम मंडल व राजा मंडल, सेवक मंडल, वृंदावन मंडल एवं हजारों की संख्या में समाज प्रेमी उपस्थित हुए।

## ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान का भाजपा नेता अमरेश सिंह ने किया अभिनंदन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**



धनबाद। संविधान गौरव अभियान के तहत झारखंड प्रवास पर भारत के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान धनबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह के हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे जहां पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत–अभिनंदन किया गया। साथ ही ग्रामीण राज्य मंत्री ने अमरेश सिंह के परिजनों से मुलाक़ात की। इस दौरान अमरेश सिंह ने ग्रामीण राज्य मंत्री कमलेश पासवान से ग्रामीण परिवेश के विकास योजनाओं व विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।अमरेश सिंह के आवास में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री का अमरेश सिंह के अलावा उनके पिता राम अवतार फाउंडेशन के चेयरमैन राज कुमार सिंह, माता शीला सिंह, बहन डॉ सुनीता सिंह, पत्नी मृदुला सिंह, बहनोई प्रशांत सिंह, भाई अरविन्द सिंह संहित परिवार के अन्य सदस्यों ने स्वागत किया।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की कामरूप जिले में बैठक – अध्यक्ष बैजनाथ बसफर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – पंकज नाथ**




असम। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ बसफर के नेतृत्व में आयोग के एक दल ने आज कामरूप जिले के अमीनगांव में एकीकृत जिला कार्यालय के बैठक कक्ष में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का जायजा लिया। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष माट्टा राव, तीन सदस्य राजबीर सिंह, शिव बसफर और नेहा बसफर भी उपस्थित थे। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने सबसे पहले जिले में रंगिया, पलाशबाड़ी और उत्तर गुवाहाटी नगर पालिकाओं के अधिकारियों से नगरपालिका के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, ईएसआई, पीएफ सुविधा, उनके लिए सुरक्षा किट जैसे दस्ताने, जूते, रेनकोट आदि की व्यवस्था करना, नियमित स्वास्थ्य जांच, आवास, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, आदि सुविधाएं हासिल हुआ या नहीं इसका जायजा लिया। उन्होंने जिला श्रम कल्याण विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया कि जिले के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी मिले। बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने सरकारी विभागों को निर्देश दिया कि जब भी आवश्यक हो, सफाई कर्मचारियों के पद के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। आज की बैठक में कामरूप जिले के जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, अतिरिक्त जिला आयुक्त प्रणब दत्ता गोस्वामी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय दौरे पर कामरूप जिले में पहुंचे आयोग की टीम ने कल रंगिया नगर पालिका, सफाई कर्मचारी कार्यालय, रेलवे के डीआरएम कार्यालय, पलाशबाड़ी नगर पालिका का दौरा किया और आज अमीनगांव में सफाई कर्मचारी कॉलोनी, आईआईटी-गुवाहाटी, एम्स का दौरा किया और वहां तैनात सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का जायजा लिया।

# कोयला तस्कर द्वारा पत्रकार पर जानलेवा हमला के विरोध में पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

● मामले को लेकर आज एसएसपी से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**

कतरास / धनबाद। गुरुवार को कतरास प्रेस क्लब के प्रांगण में कतरास प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक आपातकालीन बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रेस क्लब के सदस्य एवं निजी चैनल के संपादक निकेश पांडे पर कोयला माफियाओं द्वारा हुआ हमला और अपहरण करने की कोशिश मामले की घोर निंदा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे प्रकरण में पुलिस के वरीय अधिकारियों से मिलने से लेकर अपराधियों को सजा दिलाने तक एक नौ सदस्य टीम प्रेस क्लब के सदस्यों के द्वारा बनाई जाएगी। इसके बाद सरसम्मति से 9 सदस्य टीम का गठन किया गया। जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान सचिव विनय वर्मा पूर्व महासचिव बिनोद रजक पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे संगठन सचिव मुन्ना यादव पूर्व सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, निकेश पांडे, काशीनाथ एवं सत्येंद्र तिवारी टीम के सदस्य बने। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के बाद अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो विधि संवत चरणबद्ध आंदोलन कतरास प्रेस क्लब के बैनर तले किया जाएगा। वहीं गुरुवार को इस घटना के विरोध में प्रेस क्लब कतरास के सदस्यों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान महासचिव विनय वर्मा कोषाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह संगठन सचिव धनजी यादव दीपक गुप्ता पूर्व महासचिव बिनोद रजक पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे पूर्व सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र कुमार जीतू संजय गुप्ता मो कलाम पिंटू शर्मा सत्येंद्र तिवारी भोला झा सूर्य देव मांझी विजय भूंईया अरविंद सिन्हा प्रेम कुमार कुंदन विश्वकर्मा काशीनाथ अविनाश मिश्रा मो समीद मो जमीर मो राजा मो आफताब, संतोष दे रोशन हजारी सकलदेव प्रमाणिक अश्विनी दुबे,अजय कुमार, आदि पत्रकार साथी मौजूद थे।

## जालसाजों ने डीटीटीसी कर्मचारी के खाते से लाखों रुपए की रकम पार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में साइबर जालसाजों ने बीते दिनों एक डीटीटीसी कर्मचारी के खाते से 1,20,000 रुपये की रकम पार कर दी। जानकारी होने पर पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय के पीछे नारायण लोक कॉलोनी निवासी शैलेंद्र वर्मा अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास स्थित डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड टेस्ट सेंटर (डीटीटीसी) कार्यालय में कार्यरत है। शैलेंद्र का कहना है कि वह 19 नवंबर को अपने कार्यालय में थे। तभी दिन में तीन बार उनके खाते से 40-40 हजार रुपये के अज्ञात लेनदेन हुए। इसमें से दो लेनदेन यूपीआई के माध्यम से, जबकि तीसरा लेनदेन आईएमपीएस के माध्यम से हुआ।

# उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल द्वारा नेता सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल द्वारा नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। हीरालाल नगर स्थित संगठन के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर फूल माला अर्पित किए। इस दौरान केक काटकर लोगों ने एक दूसरे को खिलाया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपनी फौज बनाकर छक्के छुड़ाते हुए गुलाम देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर सभी को चलना चाहिए। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय पर विस्तार से बताया। बाद में मिठाई भी बांटी गई, इस मौके पर संगठन के प्रदेश महासचिव रवीश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज राय व डॉ. एके सिंह, विधानसभा प्रभारी डॉ. अर्चना चतुर्वेदी, जिला मंत्री संजय मिश्रा, शांति नगर अध्यक्ष रितेश सिंह चौहान व गौरी बाजार अध्यक्ष दिलीप रावत सहित कई अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, चोरी के माल सहित पांच गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**



कछौना / हरदोई। कस्बा स्थित विशाल ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) नृपेंद्र कुमार ने बताया कि कछौना बाजार पूर्वी निवासी विशाल गुप्ता ने 5 जनवरी को थानें पर तहरीर दी जिसमें बताया कि कछौना बाजार स्थित उनकी ज्वेलरी शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने रखे सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिऐ हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। उधर, एसपी नीरज कुमार जादौन ने चोरी की वारदात को संज्ञान में लेकर खुलासे हेतु कई टीमों को लगाया। गुरुवार को कछौना पुलिस ने शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र के मिलकिया निवासी अमरपाल व हरपाल, इसी थाने के बलरामपुर गांव निवासी मंगल, थाना सिंधौली के रावतपुर निवासी राजकपूर तथा जनपद मऊ के कोतवाली नगर निवासी सत्यम वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास 7.5 ग्राम सोने के तथा 4 किलोग्राम चांदी के जेवर बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि घटना से तीन-चार दिन पहले दुकानों की रेकी की इसके बाद 4/5 जनवरी की रात में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कछौना बाजार स्थित विशाल ज्वैलर्स की दुकान के शटर का ताला काटकर दुकान में रखी नगदी व जेवर चोरी किए, दुकान में लगे सीसीटीवी व डीबीआर को तोड़कर नाले में फेंक दिया। आरोपियों ने यह भी बताया कि मैन रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने की वजह से दुकान के पीछे से कच्चे रास्तों से आकर चेहरे पर कपड़ा बांधकर आते थे। बरामद सामान के अतिरिक्त जेवर अन्य अभियुक्तों के पास मौजूद हैं। इनके द्वारा विभिन्न जनपदों के कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# फॉर्च्यूनर व टेम्पू की हुई टक्कर में चालक घायल




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**

धनबाद। तीसरा थाना क्षेत्र के चांद कुइयां मोड़ के समीप झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग में बुधवार की रात फॉर्च्यूनर और माल वॉहक टेम्पू में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें टेंपो चालक बुरी तरह से घायल हो गया मौके पर तीसरा पुलिस पहुंचे दोनों वाहन को जप्त कर थाना ले गई। फॉर्च्यूनर संख्या जे एच 10सी वाई 0023 है जो यूट्यूबर मनोज डे का बताया जाता है। फॉर्च्यूनर तेज रफ्तार से कुसमाटाड़ की तरफ से झरिया की ओर जा रहा था जबकि माल वाहक टेम्पू जिस पर सामान लदा हुआ था वह भी कुसमाटाड की ओर से झरिया जा रहा था फॉर्च्यूनर उसके पीछे से आकर जोरदार टक्कर मारा जिस कारण दुर्घटना हो गया चालक को सर में काफी चोट आया है । घटना के बाद चालक फरार हो गया जबकि उसमे बैठा एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। लोगों का कहना है कि चालक शराब के नशे में तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। घायल को उठाकर तीसरा पुलिस पहले बलियापुर स्वास्थ्य केंद्र बाद में धनबाद एस एन एम एम सी एच इलाज के लिए भेज दिया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है इधर तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि दोनों वाहन को जप्त कर लिया गया है। विधि संवत कारवाई किया जाएगा।

# बलात्कार के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरे भाजपाई



**सीतापुर।** बीते दिनों कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर नगर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। महिला ने इस बाबत पुलिस में शिकायत की थी पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपी सांसद को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। लेकिन जवाब देने के बजाय आरोपी सांसद की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है इस बाबत भारतीय जनता पार्टी द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला प्रभारी नीरज सिंह व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान राजेश वर्मा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की उपस्थिति में जिला पदाधिकारियो व हजारों की संख्या में जनसामान्य मातृशक्ति के साथ सड़कों पर उतरकर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की गई इसी क्रम में उपस्थित जन समूह द्वारा लालबाग शहीद पार्क से होते हुए आंख अस्पताल के निकट अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा तक लोगों ने आरोपी सांसद की गिरफ्तारी के नारे लगाए एवं पार्टी नेताओं व जन सामान्य महिलाओं ने राकेश राठौर मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के निकट मातृशक्ति द्वारा बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला भी जलाया गया इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा पुतले को जूते की माला भी पहनाई गई ।हजारों की संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देती है तो वही अपने बलात्कारी सांसद राकेश राठौर पर उनकी चुप्पी कांग्रेस के दोहरे चरित्र का प्रदर्शन करती है क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस हमेशा झूठे आरोप लगाती रहती है लेकिन अगर कांग्रेस में जरा सी भी नैतिकता शेष है तो वह अपने आरोपी सांसद पर चुप्पी तोड़े और उसके खिलाफ कार्यवाही में सिस्टम का साथ दे लेकिन कांग्रेस पार्टी से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान का विरोध किया है और ऐसे लोगों की पैरवी की है जो समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा की सिस्टम विधिवत तरीके से अपना कार्य कर रहा है उन्होंने आरोपी सांसद की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने कहा की बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए और उनको न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दंड भी मिलना चाहिए जिससे दोबारा नारी शक्ति के सम्मान से कोई खिलवाड़ ना कर सके वहीं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस बड़ी-बड़ी बातें करती है संविधान की दुहाई देती है लेकिन अपने गिरेहबान में झांक कर नहीं देखती। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला के साथ धोखा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया यह कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है उन्होंने जल्द से जल्द आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जमकर भर्त्सना की। इस अवसर पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की।इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, सुधाकर शुक्ला संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर नीरज वर्मा झललर ,ललित श्रीवास्तव चंचल, संजीव गुप्ता टिंचू, इंदू सिंह चौहान, नैमिष रत्न तिवारी, पंकज मिश्रा, राजन गुप्ता, सचिन मिश्रा, रोहित सिंह जया सिंह शाहिद हजारों की संख्या में मातृशक्ति कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 25 हजार का इनामी अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद




**अमेठी।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धड़पकड़ अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली जहां चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अभियुक्त को जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है।पूरा मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के पिंडारा नहर के पास का है जहाँ बुधवार सुबह पुलिस संदिग्ध व्यक्तयो और वाहनों की तलाशी कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र के रहने वाला 25 हजार का इनामी बदमाश सुधीर सिंह पुत्र वसिष्ठ सिंह 27 वर्ष रास्ते से गुजरने वाला है।मुख़बिर से सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी कर सुधीर को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान सुधीर के पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस सुधीर को जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है।मामले को लेकर मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि 25 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# श्रीमद् भागवत कक्था में श्रीकृष्ण जन्म का हुआ बखान, गूंजे सोहर

❑ जारी गांव में पुतिरन दाई देवी मंदिर में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा






**बांदा,** । जारी में पुतरिन दाई देवी मंदिर जिकड़ी यादव की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक कमल नयन शरण महाराज ने बताया कि जब–जब धर्म पर विपदा आती है तो उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के दो भक्त जय और विजय शापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर उत्पन्न हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार गंडक नदी में एक दिन कोनहारा के तट पर जब हाथी पानी पीने आया तो मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया। फिर हाथी मगरमच्छ से छुटकारा पाने के लिए कई वर्षों तक लड़ता रहा। इसके बाद वामन अवतार प्रसंग में बताया कि हमारे पास जो है वह सब कुछ भगवान का ही है। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीवन मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार महाराज बलि ने सब कुछ भगवान वामन को समर्पित कर भगवान को ही प्राप्त कर लिया। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास पं. कमल नयन शरण जी महाराज श्री धाम वृंदावन द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग दिया गया। जिसमें नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल और हाथी घोडा पालकी जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और एक दुसरे को बधाई दी कथा व्यास ने कहा कि भगवान युगों–युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं। कथा परीक्षित श्री मती सुमित्रा जिकड़ी यादव के साथ शिवमंगल यादव, बोड़ीलाल यादव शिवपूजन यादव , श्याम बिहारी यादव, बबलू यादव, श्रीकांत तिवारी, कुलदीप त्रिपाठी (पत्रकार) रणधीर यादव (फौजी साहब) आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

# महासभा की बैठक में छात्रावास निर्माण के नक्शे पर हुई चर्चा

⇨ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक कमा हुआ आयोजन




**बांदा,** । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राम सिंह कछवाह (सिंधनकलां) की अध्यक्षता में मासिक बैठक पंचवटी आश्रम कार्यालय साहब तालाब जेल रोड में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत के पूर्व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। बैठक में प्रस्तावित छात्रावास निर्माण के लिए भवन के नक्शे पर चर्चा हुई जो कि रजिस्टर्ड इंजिनियर द्वारा बनवाया गया है। सभी के सामने नक्शा रखा गया और सभी ने अपनी सहमति दी, भूमि पूजन कैसे और कब करना है इस पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी की सहमति से भूमि पूजन की रूपरेखा तय की गई। साथ ही बैठक में इस पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया कि निर्माण में आने वाली व्यय के लिए धन संग्रह का कार्य तेजी से बढ़ाया जाए, जिन क्षत्रिय बन्धुओं के जहां सम्पर्क है, उनसे सम्पर्क कर अनुरोध करें। बैठक का संचालन महासचिव शान्ति भूषण सिंह गौतम ने किया। बैठक में रमजोर सिंह चंदेल (संरक्षक), राम सिंह कछवाह (सिंधन कला) अध्यक्ष, बलराम सिंह (बसहरी), सबल सिंह (पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी), मनरूप सिंह परिहार, राजकिशोर सिंह, बसंत सिंह कछवाह, ब्रजभूषण सिंह (पचनेही), रोहित सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह (पचनेही) आदि मौजूद रहे।

# मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान विषय पर गोष्ठी आयोजित



**सीतापुर।** मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर किया गया गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्र उपस्थित रहे। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा संविधान एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि की गई तदुपरांत गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा द्वारा संविधान की शक्ति एवं देश में संविधान के महत्व को विस्तार से समझाते हुए लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का सम्मान करने वाली पार्टी है और संविधान का पालन कर देश हित का कार्य करना भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य है इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहां की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार संविधान के सम्मान की बात कही जा रही है और राष्ट्र एवं प्रदेश में संविधान सम्मत प्रणाली लागू करके देश को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को पूजने वाली पार्टी है भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक नेता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संविधान सम्मत रहकर अपने कार्यों व दायित्वों की पूर्ति करता है हम सबको अपने घर पर संविधान की एक प्रति रखनी चाहिए।

एवं उसका निरंतर अध्ययन करके राष्ट्रवाद समाज की सेवा करनी चाहिए जिससे हमारा राष्ट्र विश्व गुरु की श्रेणी में आ सके। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखें।

# 'एक-दूसरे को समझ नहीं पाते पुरुष और स्त्री'

# गुल पनाग बोलीं- यही जिंदगी का उसूल, अगर सब अच्छा होता तो आज पाताल लोक नहीं होता



अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'पाताल लोक' का दूसरा सीजन 17 जनवरी 2025 से स्ट्रीम होने जा रहा है। हाल ही में सीरीज की स्टारकास्ट इश्वाक सिंह, गुल पनाग और डायरेक्टर अविनाश अरुण धवारे ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। अविनाश ने बताया कि इस बार सीरीज में पुरुष किरदारों के साथ महिला किरदार भी उभरकर नजर आएंगी। वहीं, गुल पनाग ने बताया कि जिंदगी का ऐसा उसूल है कि पुरुष और स्त्री हंड्रेड प्रतिशत एक दूसरे को नहीं समझ पाते हैं। वैसे भी अगर हम सब एक जैसे होते तो यह पाताल लोक नहीं होता। बातचीत के दौरान सीरीज की स्टारकास्ट और डायरेक्टर ने और क्या कहा? पढ़िए बातचीत के कुछ खास अंश में.. अविनाश, जिस तरह से ट्रेलर को दर्शकों की तरफसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, कैसा फील कर रहे हैं? 'पाताल लोक 2' को लेकर आने में 4-5 साल लग गए। हम लोग बहुत ही बेहतरीन कहानी के साथ आ रहे हैं। मैं यही आशा करता हूं कि जिस तरह से दर्शकों ने पाताल लोक सीजन वन को प्यार दिया था उसी तरह से 'पाताल लोक 2' को भी प्यार दें। इश्वाक, इस सीरीज के पहले पार्ट के बाद लाइफमें क्या बदलाव आए? कभी नहीं सोचा था कि ऐसे शो में काम करने का मौका मिलेगा। सब इंस्पेक्टर से लेकर आदमी जिस तरह से आईपीएस अधिकारी बनता है। उसी तरह से मेरे एक्टिंग प्रोफेशन में बदलाव आया है। आप यह कह सकते हैं कि एक्टिंग प्रोफेशन में एसीपी बन गया हूं। गुल, यह बताइए कि रेनू चौधरी का हाथीराम चौधरी के साथ जो रिश्ता है, उसमें इस बार नया क्या फ्लेवर लेकर आने वाली हैं? हर रिश्ते में समय-समय पर तब्दीली आती है। कुछ तब्दीली हाथीराम और रेनू चौधरी के भी रिश्ते में आई है। पहले बच्चे पालने की जद्दोजहद में आपस में तनाव रहता था। अब बेटा बड़ा हो गया है। रेनू अब अपनी पहचान बनाना चाहती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों ने जिस तरह से पहले सीजन में मेरे इस किरदार को पसंद किया था। उसी तरह इस बार भी पसंद करेंगे। इससे पहले हाथीराम चौधरी के साथ जैसे रिश्ते रहे हैं, उसके बारे में क्या कहना चाहती हैं? हर आदमी यही कहता कि मेरी पत्नी मुझे नहीं समझती है। कुछ हद महिलाओं की भी यही सोच है कि उनका पति उन्हें नहीं समझ पा रहा है। यह तो जिंदगी का उसूल है। हंड्रेड प्रतिशत हम एक दूसरे को नहीं समझ सकते हैं। यह सुधार कैसे आए कि पति-पत्नी एक दूसरे को समझ सके? मैं इस मामले में कोई परामर्श नहीं दे सकती हूं। अगर संक्षेप में मेरी बात समझे तो आदमी और औरत के बीच असमानता तो रहती ही है। यही बात हमें स्पेशल बनाती है। अगर हम सब एक जैसे होते, तो कहानियां नहीं बनती। फिर यह पाताल लोक नहीं होता। अविनाश, इस बार आप रेनू चौधरी के किरदार को किस तरह से देख रहे हैं? इस बार रेनू के किरदार में बहुत सारा प्यार, समझ और जिम्मेदारी आ गई है। मुझे लगता है कि एक दूसरे को जानने से पहले खुद को जानना चाहिए। इस बार रेनू खुद को जानने की कोशिश कर रही है। उनके और हाथीराम के रिश्ते के बीच एक नया आयाम देखने को मिलेगा। रेनू के किरदार को गुल पनाग ने बहुत ही खूबसूरती के साथ जिया है। इश्वाक सिंह के किरदार को किस तरह से देख रहे हैं? इश्वाक सिंह का बहुत ही स्पेशल किरदार है। यह ऐसा किरदार है, जिसकी तरह का इंसान बनने की कोशिश करता है। मुझे लगता है कि इश्वाक सिंह का सीरीज में इमरान अंसारी का ऐसा किरदार है, जिसके जैसा हर किसी को बनना चाहिए। इश्वाक, इस बार आपने इमरान अंसारी के किरदार के लिए किस तरह की तैयारी की है? अलग से कुछ खास करने की तैयारी नहीं करनी पड़ी। पहले सीजन के किरदार के हिसाब से ही खुद को ढालता रहा। हम अपने आस-पास ऐसे कई इमोशनल क्षण से गुजरते रहे हैं, जो हमारे अंदर कहीं ना कहीं रहते ही हैं। वो सारे इमोशन शूटिंग के दौरान अपने आप ही बाहर आ जाते हैं। ऐसे किरदार से बाहर निकलना कितना मुश्किल होता है? यह कैसे बताऊं, यह हमारे काम का एक हिस्सा है। खुद को किसी ऐसे फीलिंग में बांधना बहुत मुश्किल होता है,जो आपके अंदर नहीं है। इस दौरान खुद को अपनी दुनिया से अलग करना पड़ता है। और, सीन कट होने के बाद खुद की दुनिया में आ जाते हैं। गुल, आप इस शो को किस तरह से देखती हैं? पाताल लोक ने लोगों को कनेक्ट ही किया है। इसमें हमने ऐसी वास्तविकता को दिखाया है जो आम तौर पर अखबार के आठवें पन्ने में सिमट कर रह जाता है। इस सीरीज ने जितना लोगों का मनोरंजन किया है। उतना सोचने पर भी मजबूर किया है। यही पाताल लोक की सबसे बड़ी कामयाबी है। यह सीरीज वह सारी चीजें दिखा रहा है, जिसे जानते हुए भी हम अनजान बन रहे हैं।रेनू चौधरी के किरदार से निकलने के लिए क्या करती हैं? अक्सर लोग पूछते हैं कि रेनू के किरदार और मुझमें क्या समानता है। मैं रेनू की तरह बिल्कुल भी नहीं हूं। मैं एक ऐसे बैकग्राउंड से आती हूं। जहां मुझे सशक्तिकरण ही मिला है। रेनू उस वर्ग से आती है जो उसके लिए यह बहुत दूर का सपना है। शूटिंग के दौरान अपने आपको वैनिटी वैन में छोड़कर आती हूं। मैं यह सोचती हूं कि रेनू जिन परिस्थितियों से गुजर कर वहां तक पहुंची है, उसमें वो कैसे रिएक्ट करेगी? हम सब में एक रेनू और अंसारी है, जिसे हमने दबा कर रखा हुआ है। अविनाश, दुनिया की सच्चाई को दिखाने की हिम्मत कहां से लेकर आते हैं? दुनिया को साक्षी भाव से देखना बहुत जरूरी है। मैं चीजों को ऐसी नजरिए से देखता हूं, जिसे जज ना कर सकूं। जिस तरह से है, उसी तरह से दर्शाने की कोशिश करता हूं। रियल लोकेशन पर शूटिंग के दौरान किस तरह की परेशानियां आती हैं?इस बार तो बहुत सारे खूबसूरत लोकेशन और किरदार देखने को मिलेंगे। हर दिन की शूटिंग का बहुत ही खूबसूरत लम्हा रहा है। ऐसी कोई खास परेशानी नहीं आई। हमने जहां भी शूट किया लोगों का बहुत ही सहयोग मिला।

## प्रियंका से पहले इन्हें डेट किया

**2006 से 2008**

**अमेरिकन सिंगर माइली सायरस**



14 साल की उम्र में डेटिंग शुरू की। दोनों ने साथ में डिज़्नी के शो 'हैना मॉन्टेना' में काम किया था।

**2008 से 2011**

**अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज़**



दोनों ने साथ में एक शो में काम किया था। सेलेना जोनस ब्रदर्स के एक म्यूज़िक वीडियो में भी नजर आई थीं।

**2011 से 2012**

**ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गुडरेम**



8 साल बड़ी सिंगर को मई 2011 में डेट करना शुरू किया। तब निक की उम्र महज 18 साल थी। रिश्ता 10 महीने चला।

**2013 से 2015**

**मिस यूनिवर्स 2012 ओलीविया कल्पो**



ढाई साल तक मॉडल को डेट किया। 2015 में दोनों का ब्रेक अप हो गया। इसके तीन साल बाद प्रियंका को डेट किया।

प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनास और उनके भाइयों, जो और केविन के साथ आगामी हॉलिडे फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस प्रोजेक्ट का प्रीमियर डिज्नी प्लस पर होने की उम्मीद है, जो जोनास परिवार को 2025 के यादगार हॉलिडे सीजन के लिए एक साथ लाता है। प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनास और उनके भाइयों, जो और केविन के साथ आगामी हॉलिडे फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस प्रोजेक्ट का प्रीमियर डिज्नी प्लस पर होने की उम्मीद है, जो जोनास परिवार को 2025 के यादगार हॉलिडे सीजन के लिए एक साथ लाता है। इस अनटाइटल्ड मूवी की शूटिंग 13 जनवरी को टोरंटो में शुरू हुई। ई! न्यूज के अनुसार, प्रियंका को अपने पति निक और जोनास भाइयों के साथ सेट पर देखा गया। पीसी को काले रंग की हुडी और ग्रे और सफेद धारियों वाला एक लंबा काला कोट पहने देखा गया, जबकि निक ने एक गहरे रंग की पफी जैकेट पहनी थी, जिसमें बर्फ से बचने के लिए उनका हुड ऊपर की ओर खींचा हुआ था। उनके देवर जो ने एक चैती रंग की कार्डिगन और डार्क-वॉश जींस में ठंड का सामना किया, जो एक कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक बनाए हुए थे। प्रियंका और जोनास भाइयों के अलावा, इस फिल्म में जोनास परिवार के सबसे छोटे भाई फ्रेंकी जोनास और एजेंट्स ऑफ एस.एच.आई.ई.एल.डी. भी होंगे। स्टार क्लो बेनेट। निक जोनास, जिन्होंने पहले स्क्रीम क्वींस, किंगडम और जुमांजी- वेलकम टू द जंगल में अभिनय किया है, ने फिल्म में अपनी भूमिका की तैयारी के दौरान अपनी पत्नी की अमूल्य सहायता की प्रशंसा की। निक ने यह भी खुलासा किया कि घर पर उनकी चर्चा आम फिल्मी बातचीत से परे होती है। उन्होंने बताया, फ्हम सिर्फ़ किरदारों के बारे में बात करते हैं,फ्र उन्होंने आगे कहा, फ्घर पर रचनात्मक रहना बहुत अच्छा है, और फिर आप इसे कार्यस्थल पर भी ला सकते हैं।फ्र1998 की बात है.. अमेरिका में रहने वालीं साइन लैंग्वेज टीचर और सिंगर डेनिस जोनस ब्यूटी पॉर्लर में अपना हेयर कट करवा रही थीं। उनके साथ छह साल का बेटा निक भी था, जिसने वहां एक गाना गाया। निक जोनस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा से जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में शादी की थी। यह फंक्शन तीन दिनों तक चला था। आज निक के 32वें जन्मदिन पर जानिए उनसे जुड़ी कुछ खास बातेंज पिता चर्च में गाते थे, मां भी सिंगर थीं निक का बचपन से ही म्यूजिक में इंट्रेस्ट था। इसकी एक वजह यह भी थी कि उनके पिता पॉल केविन जोनस म्यूजिशियन थे और चर्च में गाते थे। वहीं उनकी मां डेनिस मिलर जोनस साइन लैंग्वेज टीचर और सिंगर थीं। परिवार में निक से बड़े दो भाई जोए और केविन और एक छोटा भाई फ्रैंकी भी थे। 2005 भाईयों के साथ मिलकर बैंड बनाया उस दिन जब ब्यूटी पॉर्लर में मां ने 6 साल के निक का सिंगिंग टैलेंट देखा तो उन्होंने निक को भी म्यूजिक पर ही फोकस करने की सलाह दी। शुरुआत में निक ने सिंगल गाने गाए। 2005 के बाद अपने दोनों बड़े भाइयों के साथ मिलकर उन्होंने म्यूजिक बैंड बना लिया। 2008 में ग्रैमी अवॉर्ड का नॉमिनेशन मिला तीनों भाइयों ने साथ में 'इट्स अबाउट टाइम', 'जोनस ब्रदर्स' और 'हैप्पिनेस बिगेन्स' जैसे कई हिट एल्बम दिए। 2008 में बैंड को बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का ग्रैमी अवॉर्ड नॉमिनेशन मिला। हालांकि, मई 2012 में तीनों भाई अलग हो गए और तीनों ने अपने सोलो करियर पर फोकस किया। 2019 में तीनों ने फिर से साथ काम किया और उनका गाना %सकर% बेहद फेमस रहा। इस गाने को भी ग्रैमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिला। तीनों भाई ग्रैमी अवॉर्ड्स सेरेमनी में परफॉर्म भी कर चुके हैं। एक्टिंग में भी आजमाया हाथ सिंगिंग के अलावा निक ने जहां 'हैना मोंटेना' और 'कैंप रॉक' जैसे टीवी शोज किए। वहीं 'जुमान्जी', 'गोट' और 'द गुड हाफ' समेत कई हॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग भी की। प्रियंका चोपड़ा को ट्विटर पर किया था मैसेज इसके बाद साल 2016 में निक की लाइफ में प्रियंका चोपड़ा की एंट्री हुई। दोनों की लव स्टोरी निक के भाई केविन जोनस की वजह से शुरू हो पाई थी। केविन को प्रियंका का शो 'क्वांटिको' पसंद आया था। केविन ने ही निक को प्रियंका से बात करने की सलाह दी थी। इसके बाद निक ने हिम्मत दिखाई और प्रियंका को ट्विटर पर ष्डरू किया। एक टीवी शो के दौरान निक ने अपने उस मैसेज का स्क्रीनशॉट दिखाया था जो उन्होंने प्रियंका को भेजा था। यह स्क्रीनशॉट आज तक उनके पास मौजूद है। निक को प्रियंका ने दिया मजेदार रिप्लाय निक का मैसेज पढ़ते ही एक्ट्रेस ने उन्हें जवाब दिया कि ये मैसेज उनकी टीम पढ़ सकती है। इसके बाद प्रियंका ने निक को अपना नंबर भेज दिया और दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। उस वक्त ब्रेकअप के दौर से गुजर रही थीं प्रियंका प्रियंका ने डैक्स शेफर्ड को दिए इंटरव्यू में में खुलासा किया था कि शुरुआत में वो निक जोनस के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ाना चाहती थीं। जब निक ने उन्हें मैसेज किया तब उनका 5-6 साल पुराना रिश्ता खत्म हुआ ही था। हालांकि, प्रियंका के दोस्तों ने सलाह दी कि वो मूव ऑन करके निक का हाथ थामें और वैसा ही हुआ। मेट गाला में टकराए, फिर साथ में पब्लिक अपियरेंस दी एक साल तक निक और प्रियंका एक दूसरे के अच्छे दोस्त रहे। साल 2017 में दोनों ने मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहली बार साथ में पब्लिक अपियरेंस दी थी। मजेदार बात यह है कि दोनों इस इवेंट में साथ में नहीं पहुंचे थे। इवेंट में ही एक दूसरे से टकराए और फिर तय किया कि साथ में रेड कार्पेट पर वॉक करते हैं। मेरे गाने तुम्हारे लिए लव लैटर्स की तरह होंगे एक इंटरव्यू में प्रियंका ने बताया था कि जब उन्होंने निक को डेट करना शुरू किया तब निक ने उनसे कहा था कि वो बहुत ज्यादा नहीं बोलते पर उनके गाने एक्ट्रेस के लिए लव लैटर्स की तरह होंगे। प्रपोज करने से पहले एक्ट्रेस की मां को मनाया इसी बीच प्रियंका जब मुंबई आईं तो निक भी उनके साथ इंडिया आए।




आज हम आपको साउथ के उस सुपरस्टार से मिलवा रहे हैं. जो बिजनेस में फेल होने के बाद एक्टिंग में आया था और आज अपनी अदाकारी से लोगों को दीवाना बनाते हैं. क्या आपने पहचाना? आज हम आपको साउथ के उस सुपरस्टार से मिलवा रहे हैं. जो बिजनेस में फेल होने के बाद एक्टिंग में आया था और आज अपनी अदाकारी से लोगों को दीवाना बनाते हैं. क्या आपने पहचाना? फिल्मी दुनिया ना सिर्फ ग्लैमर दिलाती है बल्कि एक्टर्स की अमीरी के किस्से तो हर किसी ने सुने और देखे हैं. आज आपको एक ऐसे ही एक्टर की जिंदगी का किस्सा बताएंगे जो ना सिर्फ तंगहाली में जिया बल्कि जीतोड़ मेहनत भी की. फिल्मों में आने से पहले इस एक्टर ने कई काम में हाथ आजमाया लेकिन नाकामी ही हाथ लगी. एक्टिंग शुरू की तो आज हर तरफ इनका सिक्का चलता है, ये एक्टर आज के दौर में एक फिल्म के लिए 15 करोड़ रुपये की फीस चार्ज करता है. दरअसल आज बात कर रहे हैं एक्टर विजय सेतुपति की. विजय अब सिर्फ साउथ सिनेमा ही नहीं बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना चुके हैं. विजय की एक्टिंग के फैन्स हर जोन, हर भाषा के लोग मिलेंगे. अपने करीब एक दशक लंबे करियर में विजय 50 फिल्मों में काम कर चुके हैं. विजय की ना तो कभी फिल्मों में दिलचस्पी थी ना ही एक्टिंग से कोई वास्ता, एक फिल्म डायरेक्टर की सलाह पर उन्होंने फिल्मों में हाथ आजमाने की कोशिश की. काम दिलचस्प लगा तो स्ट्रगल शुरू हुआ और इसका नतीजा सबके सामने है. एक नेशनल अवॉर्ड के अलावा अभी तक विजय एक्टिंग के लिए कई अवॉर्ड जीत चुके हैं. 16 जनवरी 1978 को जन्मे इस एक्टर का असली नाम विजय गरुनाथ सेतुपति है. चेन्नई में विजय की स्कूली पढ़ाई हुई और विजय को कभी भी स्पोर्ट्स या एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में दिलचस्पी नहीं रही. यहां तक कि स्कूल में विजय के छोटे कद का साथी मजाक भी बनाते थे. 16 की उम्र में उन्होंने एक फिल्म के लिए ऑडिशन भी दिया लेकिन रिजेक्ट हो गए. इसके बाद उन्होंने सेल्समैन से लेकर फोनबूथ ऑपरेटर और काउंटर कैशियर तक की कई नौकरी की. बीकॉम तक की पढ़ाई करने वाले विजय का मन किसी नौकरी में नहीं लगा. इसके बाद विजय ने सीमेंट बिजनेस करने की कोशिश की लेकिन ये धंधा भी चल नहीं पाया. फिर उन्हें दुबई में अकाउंटेंट की नौकरी मिली तो वो कुछ वक्त के लिए विदेश में भी रहे. हालांकि अपने काम से संतुष्ट नहीं हुए तो नौकरी छोड़कर वापस स्वदेश आ गए. इसके बाद विजय ने दोस्तों के साथ मिलकर इंटीरियर डेकोरेशन बिजनेस में हाथ आजमाया. लेकिन यहां भी एक्टर को नाकामी ही हाथ लगी. एक इंटरव्यू में विजय ने अपने करियर को लेकर कहा भी है कि अगर उनका पहले ही कोई बिजनेस चल पड़ता तो वो कभी एक्टिंग में आते ही नहीं. लेकिन मेरे लिए किस्मत ने कुछ और ही सोच रखा था. बिना किसी कनेक्शन के एक्टिंग फील्ड में एंट्री करने वाले विजय ने एक थिएटर ग्रुप में अकाउंटेंट का काम शुरू कर दिया. इसके बाद उनके टैलेंट के दम पर उन्हें धीरे-धीरे काम मिलना भी शुरू हो गया. साल 2006 में फेमस टीवी सीरीज पेन भी आई जिससे उन्हें पहचान भी हासिल हुई. विजय ने एक्टिंग के लिए कोई फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं ली है बल्कि उन्होंने काम करते हुए ही सेट्स पर एक्टिंग, डायरेक्शन और फिल्म मेकिंग की बारीकियों को सीखा और यहां तक का सफर तय किया है.




एक्टर विंदु दारा सिंह ने हाल ही में श्जय वीर हनुमानश् शो में हनुमान का रोल निभाने के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वे अपने पिता की विरासत को जीवित रखना चाहते हैं। दरअसल, विंदु के पिता दारा सिंह ने रामानंद सागर के रामायण में भगवान हनुमान की भूमिका निभाई थी। विंदु ने श्जस्ट बातश् चौनल पर बातचीत में कहा, 'मेरे पिता ने मुझे कहा कि हनुमान का किरदार निभाना आसान नहीं है। इसके लिए कुछ कड़े नियम होते हैं। उन्होंने कहा कि जब तुम यह किरदार निभाओ, तो तुम्हें नहाना होगा, प्रार्थना करनी होगी और मांसाहारी खाना नहीं खाना होगा। उन्होंने मुझे चेतावनी दी थी कि मांसाहारी खाने से दूर रहना। इसके अलावा, मन में कोई भी बुरी सोच नहीं होनी चाहिए। इन सभी बातों का पालन करने के बाद ही मुझे इस रोल को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ निभाने की सलाह दी। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं किया, तो हनुमान जी की लात लगेगी और तुम हमेशा याद रखोगे। विंदु की मानें तो हनुमान जी का कपड़ा और बातें उन्हें बहुत ताकत और ऊर्जा महसूस कराती थीं। यह अनुभव सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि उनके पिता दारा सिंह के लिए भी था जब उन्होंने हनुमान का किरदार निभाया था। विंदु ने अपने पिता दारा सिंह के बारे में बात करते हुए कहा कि हनुमान का किरदार ने उनके जीवन में गहरा असर डाला था। उन्होंने कहा कि रामायण खत्म होने के कई साल बाद भी उनके पिता सोते समय हनुमान के संवाद बोलते थे।

## अर्जुन क्रिकेट लीग अंडर अंडर 16- पिकैडली पैंथर ने कंम्फ़र्ट इन को 5 विकेट से हराया




➤ किरन फाउंडेशन के तत्वावधान में धरा वर्ल्ड द्वारा आयोजित अंडर-16 अर्जुन क्रिकेट लीग- सीजन 2 के मैच में 7 ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट लेने वाले श्लोक तिवारी बने मैन आफ द मैच

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

लखनऊ। राजधानी मे किरन फाउंडेशन के तत्वावधान मे धरा वर्ल्ड द्वारा आयोजित अर्जुन क्रिकेट लीग अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत आज खेले गये मैच मे पिकैडली पैंथर ने कंम्फ़र्ट इन को पांच विकेट से हराया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कंम्फ़र्ट इन ने प्रारंभिक बल्लेबाज आदित्य जायसवाल के 27 गेंदो पर 5 चौकों की मदद से 26 रन, तथा उज्जवल पाण्डे की 29 गेंदो पर 4 चौकों तथा एक छक्के की पारी से 32 रन, तथा निहाल की 38 गेंदो पर 4 चौकों तथा एक छक्के की मदद से 31 रनो की पारी की मदद से निर्धारित 35 ओवरो मे 9 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। दायित्व ने 58 पर 14, आशुतोष गिरी ने 15 पर 15, श्रेयांष ने 24 गेंदो पर 15 रन बनाए। पिकैडली पैंथर की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए श्लोक तिवारी ने 7 ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, श्लोक असथाना ने 5 ओवरों में 20 रन देकर 2 विकेट, मंगेश सिंह ने 7 ओवरों में एक मेडन डालते हुए 26 रन देकर 2 विकेट लिए, एक विकेट एसके को मिला। पिकैडली पैंथर ने 25.1ओवरों में 5 विकेट खोकर 170 रनो का लक्ष्य हासिल कर लिया। पवन मौर्या ने 52 गेंदो पर 11 चौकों की मदद से 55 रनो की नाबाद पारी खेली, श्रेयांष आर्य ने 19 गेंदो पर 4 चौकों तथा एक छक्के की मदद से 28 रन, शिवा यादव ने 29 गेंदो पर 4 चौकों की मदद से 22 रन, तथा अधर्व दुआ ने 11 गेंदो पर 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाए श्लोल तिवारी को उनकी शानदार गेंदबाज़ी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया।

# दोनों ने खुलकर खेलने...

### मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद अभिषेक ने खोला राज, बताया कैसे हुए कामयाब




| गेंद | खिलाड़ी | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| 18 | सूर्यकुमार यादव | द. अफ्रीका | गुवाहाटी | 2022 |
| 19 | गौतम गंभीर | श्रीलंका | नागपुर | 2009 |
| 20 | अभिषेक शर्मा | इंग्लैंड | कोलकाता | 2025 |
| 20 | युवराज सिंह | श्रीलंका | मोहाली | 2009 |

**कोलकाता।** अभिषेक ने कहा, श्मैंने ऐसा माहौल पहले कभी नहीं देखा, खुद को अभिव्यक्त करो, पहली गेंद से ही अपने शॉट्स लगाओ।श् भारत के युवा टी20 स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को यहां मेजबान टीम द्वारा इंग्लैंड को सात विकेट से हराने के बाद गौतम गंभीर की सराहना की। जहां तक पारंपरिक प्रारूपों का सवाल है, गंभीर की कोचिंग पद्धति पर अभी भी फैसला नहीं हुआ है। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने ईडन गार्डेंस में सिर्फ 34 गेंदो पर 79 रन बनाकर भारत को 133 रन के लक्ष्य को सिर्फ 12.5 ओवर में हासिल करने में मदद की।

अभिषेक ने मैच के बाद क्या कहा? अभिषेक ने मैच के बाद कहा, श्मैं अपनी बात कहना चाहता था, लेकिन कप्तान (सूर्यकुमार यादव) और कोच (गंभीर) का खास जिक्र करना चाहूंगा। उन्होंने हमें युवाओं के रूप में जो आजादी दी है, वह जबरदस्त हैं।श् जहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान गंभीर के सीनियर खिलाड़ियों के साथ तालमेल नहीं होने की बातें चल रही थीं, वहीं अभिषेक ने ड्रेसिंग रूम के माहौल की तारीफ की। श्ड्रेसिंग रूम में ऐसा माहौल नहीं देखाश् अभिषेक ने कहा, श्मैंने ऐसा माहौल पहले कभी नहीं देखा, खुद को अभिव्यक्त करो, पहली गेंद से ही अपने शॉट्स लगाओ।श् अपनी योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह बहुत सरल था, जैसे वह आईपीएल में खेलते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, श्मेरी योजना सरल थी जैसे मैं आईपीएल में खेलता था, वैसे ही खेलूं।श् कैसे किया इंग्लिश तेज गेंदबाजों का सामना? जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड की गेंदों की गति का उपयोग करते हुए वह क्रीज पर डटे रहे। उन्होंने कहा, श्मुझे पता था कि इंग्लैंड के गेंदबाज शॉर्ट गेंदबाजी करेंगे और मेरे धैर्य की परीक्षा लेंगे। मैंने अपनी योजनाओं को बहुत अच्छे से लागू किया।श् भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टॉस जीतने के बाद भारत की ऊर्जा ने मैच की लय तय कर दी। उन्होंने कहा, श्हमें बहुत स्वतंत्रता दी गई है, हम थोड़ा अलग खेलना चाहते हैं। गेंदबाजों ने योजना बनाई, उसे क्रियान्वित किया और जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, वह सोने पर सुहागा था। हमने दक्षिण अफ्रीका में भी यही किया था।श् सूर्यकुमार ने कही यह बात उन्होंने कहा, श्हार्दिक पर नई गेंद फेंकने की जिम्मेदारी थी, ताकि अतिरिक्त स्पिनर को खेलने के लिए जगह मिल सके। वरुण चक्रवर्ती की तैयारी अच्छी है और अर्शदीप अतिरिक्त जिम्मेदारी ले रहे हैं।श् इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि उनकी टीम नये कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में 'आक्रामक' बनना चाहती है जिन्होंने टेस्ट प्रारूप में बल्लेबाजी की अति-आक्रामक बैजबॉल शैली शुरू की थी।

## 12.5 ओवर में 133 रन का लक्ष्य हासिल कर टीम इंडिया ने बनाया कीर्तिमान, चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा




| ओवर | खिलाफ | साल |
|---|---|---|
| 12.5 | इंग्लैंड (ENG) | 2025 |
| 15.2 | नामीबिया (NAM) | 2021 |
| 15.2 | जिम्बाब्वे (ZIM) | 2024 |
| 15.4 | बांगलादेश (BAN) | 2019 |
| 15.4 | अफगानिस्तान (AFG) | 2024 |

**कोलकाता।** इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 130 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के सबसे कम ओवर में चेज का रिकॉर्ड 15.2 ओवर का था। भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया।

133 रन के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 130 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सबसे कम ओवरों में जीत है। टीम इंडिया ने इस मामले में चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सबसे तेज 130 रन का चेज दरअसल, इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 130 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के सबसे कम ओवर में चेज का रिकॉर्ड 15.2 ओवर का था। भारत ने ऐसा 2021 में नामीबिया के खिलाफकिया था। वहीं, 2024 में टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफभी 15.2 ओवर में 130 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता टी20 में भारत ने इन सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी ने इंग्लैंड को हार मानने पर मजबूर कर दिया। अर्शदीप-हार्दिक भी खास लिस्ट में इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की थी। इस मैच में अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने भी खास उपलब्धि हासिल की। अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उनके नाम 97 विकेट हैं। अर्शदीप ने चहल को पीछे छोड़ा। चहल के नाम 96 विकेट हैं। हार्दिक लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 91 और भुवनेश्वर कुमार के नाम 90 विकेट हैं। वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। इसकी बदौलत इंग्लैंड की टीम 132 रन बना सकी। इंग्लिश टीम के लिए कप्तान जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। अभिषेक की तूफानी पारी जवाब में भारत ने अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी की बदौलत जीत हासिल की। अभिषेक ने 20 गेंद में अर्धशतक जड़ा, जो कि टी20 में भारत के लिए भारतीय मैदान पर संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक ने 34 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 79 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 26 रन बनाए। तिलक वर्मा 19 रन और हार्दिक पांड्या तीन रन बनाकर नाबाद रहे। अगला टी20 25 जनवरी को चेन्नई में खेला जाएगा। ज्20प् में भारत के लिए भारत में सबसे तेज अर्धशतक गेंद खिलाड़ी खिलाफजगह साल 18 सूर्यकुमार यादव दक्षिण अफ्रीका गुवाहाटी 2022 19 गौतम गंभीर श्रीलंका नागपुर 2009 20 अभिषेक शर्मा इंग्लैंड कोलकाता 2025 20 युवराज सिंह श्रीलंका मोहाली 2009

## कोलकाता में भारत और इंग्लैंड के बीच भिड़ंत, जानें कैसा होगा पिच और मौसम का मिजाज?




टीम इंडिया और इंग्लैंड टीम कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले टी20 मैच के लिए भिड़ेंगे। इस सीरीज में सबकी नजरें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर होगी जो लंबे समय बाद टीम इंडिया में वापसी करने वाले हैं। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चौंपियंस ट्रॉपी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिए। ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच काली मिट्टी से बनाई जाती है। ये पिच बल्लेबाजों के काफी मदद आती है और यहां काफी रन बनाते हैं। खेल की शुरुआत में यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। वहीं मैच में बाद के समय स्पिनर्स के लिए भी पिच में काफी कुछ होता है। ईडन गार्डन्स की आउटफील्ड बहुत तेज है, जिससे बल्लेबाजों को ज्यादा रन बनाने के मौके मिलते हैं। वहीं ईडन गार्डन्स स्टेडियम के रिकॉर्ड्स की बात करें तो, इस मैदान पर टी20 में सबसे बड़ा स्कोर पाकिस्तान ने खड़ा किया। उन्होंने 2016 में बांग्लादेश के खिलाफईडन गार्डन्स में 201६5 का स्कोर खड़ा किया था। वहीं मैदान पर सबसे छोटा स्कोर 2016 में बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इस मैदान पर टॉस अहम भूमिका निभाता है। वहीं पहली पारी का औसतन स्कोर 143 है। इस मैदान पर अब तक 11टी20 मैच खेले गए हैं। इनमें से पांच बार पहले बल्लेबाजी करने वाली और 6 बार चेज करने वाली टीम जीती है। मौसम का मिजाज मौसम की बात करें फैंस को यहां पूरा एक्शन देखने को मिलेगा। क्यूवेदर के मुताबिक, 22 जनवरी को कोलकाता में ज्यादातर तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। मैच के दौरान बारिश की संभावना नहीं है।

## जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर मेंय आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफसीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चौम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी। विश्व जूनियर चौंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता आयुष का मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई से मुकाबला होगा, जबकि तान्या के सामने थाईलैंड की पूर्व विश्व चौंपियन रत्चानोक इंतानोन की चुनौती होगी।

## पूर्व क्रिकेटर ने युजवेंद्र चहल को लेकर बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट पर लगाए आरोप, जानें क्या कहा?

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान होने के कई दिनों के बाद भी इस चर्चा जारी है। कोई करुण नायर तो कई संजू सैमसन और मोहम्मद सिराज के टीम में ना होने को लेकर चिंतित है तो कोई सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल ना किए जाने से नाराज है। इस बीच अब युजवेंद्र चहल को लेकर एक बयान सामने आया है, जिसमें पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट ने चहल का इंडिया का करियर तबाह कर दिया। आकाश चोपड़ा ने कहा है कि बिना किसी कारण के युजवेंद्र चहल का करियर खत्म कर दिया गया, यहां तक कि दो साल पहले टीम से ड्रॉप होने से पहले उनका रिकॉर्ड व्क्प् क्रिकेट में दमदार था। अपने यूट्यूब चौनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने इंडिया की वनडे टीम को लेकर बात की और कहा कि खराब प्रदर्शन ना करने के बावजूद युजवेंद्र चहल को बाहर कर दिया गया। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि, युजवेंद्र चहल पूरी तरह से फिनिश हो चुके हैं। उनकी फाइल बंद कर दी गई है। मुझे नहीं पता कि उन्होंने ऐसा क्यों किया? ये एक दिलचस्प मामला है। उन्होंने आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था। इसलिए उन्हें दो साल हो गए हैं। उनके आंकड़े भी बहुत अच्छे हैं। उन्होंने बहुत सारे विकेट लिए हैं और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। 72 वनडे मैचों में 121 विकेट निकालने वाले चहल ने अगस्त 2023 से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेली। कलाई के स्पिनर ने विजय हजारे ट्रॉफी नहीं खेली। इसके पीछे का कारण ये भी हो सकता है कि उनके जीवन में उथल-पुथल मची हुई है। ऐसे में आकाश चोपड़ा ने कहा है कि आप दो साल टीम से बाहर हैं तो आप चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के दावेदारों में ही शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, क्योंकि इसे बंद हुए दो साल हो गए हैं, इसलिए यहां युजी के लिए भी कोई जगह नहीं है, क्योंकि जैसे ही आप अचानक से उन्हें चुनते हैं, इसे एक प्रतिगामी कदम के रूप में देखा जाएगा।

## सेंसेक्स में 800 अंक से ज्यादा की गिरावट, 76,200 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 150 अंक से ज्यादा टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 21 जनवरी को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 76,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 150 अंक से ज्यादा की गिरावट है, ये 23,150 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिल रही है। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के शेयर में 9: से ज्यादा की गिरावट है। बैंकिंग, ऑटो और मेटल शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। इससे पहले कल यानी 20 जनवरी को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 454 अंक की तेजी के साथ 77,073 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 141 अंक की तेजी रही, ये 23,344 के स्तर पर बंद हुआ था।

## जोमैटो के बाद स्विगी के शेयरों ने भी दिया झटका, आई भारी गिरावट

**मुंबई।** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर और क्विक कॉमर्स ऑपरेटर स्विगी के शेयरों में इसकी कॉम्पटीटर जोमैटो के कमजोर नतीजों का ऐसा दबाव दिखा कि यह करीब 11 फीसदी टूट गया। पिछले साल 2024 में लिस्टिंग के बाद से इसके शेयरों के लिए यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। आज ठैम् पर यह 8.08 फीसदी की गिरावट के साथ 440.30 रुपए पर बंद हुआ है।

## इंग्लैंड के खिलाफमुकाबले से पहले मोहम्मद शमी ने उड़ाई पतंग

टीम इंडिया तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफखेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## दिग्गज मनीषा मल्होत्रा का बयान, कहा- टेनिस को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे

पूर्व ओलंपियन और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा मल्होत्रा ने भारत में टेनिस की मौजूदा स्थिति के लिये इसके प्रशासकों को दोषी ठहराते हुए कहा कि अगर देश में इस खेल को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे। पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन 44 बरस की उम्र में वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। महिला एकल में भारत की कोई खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 का हिस्सा नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए खेल का संचालन करने वाले अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट की अध्यक्ष मनीषा ने 'भाषा' से विशेष बातचीत के दौरान कहा, ''वर्तमान में टेनिस की कहानी काफी दुखद है। मैं सोचने लगती हूं कि टेनिस इतना अच्छा खेल था जहां हमारे पास इस खेल की इतनी अच्छी विरासत थी। रामानाथन कृष्णन के समय से ही ऐसा था जिसे हमने पूरी तरह से खत्म कर दियाहै।'' उन्होंने कहा, ''आज की तारीख में अगर कोई प्रगति नहीं है, कोई खिलाड़ी नहीं है तो यह हमारी ही गलती है। मुझे यह देखकर काफी दुख होता है क्योंकि मैं आज जो भी हूं टेनिस की वजह से हूं। मेरे जीवन में जो कुछ भी है, वह टेनिस की वजह से है। मैं इस बारे में कुछ कर नहीं पा रही हूं जो बैठे हैं (अधिकारी) वे कर भी नहीं रहे और जो कर रहे हैं वह खराब कर रहे हैं।'' इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''बहुत से टेनिस खिलाड़ी मेरे साथ हैं जो यह सोच रहे हैं कि हम बहुत खराब स्थिति में पहुंच चुके हैं और अगर हमें टेनिस को बचाना है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 2261 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 2268 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7952898965,9839177772 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।